दैनिक हिन्दी अख़बार

# सच बेधड़क

www.sachbedhadak.com | twitter.com/sachbedhadak | facebook.com/sachbedhadak
YouTube: youtube.com/@sachbedhadak | Instagram: instagram.com/sach_bedhadak

वर्ष: 3 | अंक: 125 | जयपुर, सोमवार, 15 अप्रैल, 2024 | चैत्र, शुक्ल पक्ष- सप्तमी, विसं 2081 | पृष्ठ: 10 | मूल्य: 2.00

## आठ पद्म अवॉर्डी BJP में शामिल



**जयपुर।** प्रदेश भाजपा कार्यालय में रविवार को पद्मभूषण पंडित विश्व मोहन भट्ट, पद्मश्री कालबेलिया डांसर गुलाबो सपेरा समेत 8 पद्म अवॉर्डी भाजपा में शामिल हो गए। उनके साथ डूंगरपुर क्रिकेट एसोसिएशन के सचिव सुशील जैन, प्रदेश कांग्रेस के पूर्व महासचिव रूपेश कांत व्यास समेत 12 से ज्यादा लोगों ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की।

**प्रदेश में पश्चिमी विक्षोभ का असर:** जयपुर सहित 13 जिलों में आज भी जताई बरसात की संभावना

# जयपुर में दिनभर छाए रहे हल्के बादल... मौसम हुआ सुहाना

**बेधड़क** | जयपुर

प्रदेश मे पिछले दो दिनों से मौसम में बदलाव देखने को मिल रहा है। राजधानी जयपुर सहित प्रदेश के 13 से अधिक जिलों में रविवार को हुई बारिश से तपनभरी गर्मी से राहत मिली है। बादलों के छाए रहने से मौसम सुहाना हो गया। पिछले दो दिनों से प्रदेश में पश्चिमी विक्षोभ के असर से कई जिलों में आंधी-बारिश का दौर जारी है। इसके साथ ही कई जिलों में ओले भी गिरे हैं। जयपुर में रविवार को मौसम सुहाना रहा। यहां का न्यूनतम तापमान 23.8 डिग्री सेल्सियस व अधिकतम तापमान 36.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। मौसम विभाग ने 15 व 16 अप्रैल को भी प्रदेश के अधिकांश जिलों में हल्की बारिश और तेज हवाओं के चलने की संभावना जताई है।

जयपुर में रविवार को मौसम सुहाना रहा। आगामी दो दिनों में नागौर, अजमेर, टोंक, जयपुर, झुंझुनूं, सीकर, चूरू, भीलवाड़ा, करौली, सवाई माधोपुर, कोटा, बूंदी, चित्तौड़गढ़ सहित अन्य जिलों में बारिश हो सकती है। मौसम विभाग ने चेताया है कि मेघ गर्जन के समय सुरक्षित स्थान पर शरण लें। किसी भी पेड़ के नीचे शरण लेने से बचें।



फोटो: राजेश कुमावत

### प्रदेश में आंधी-बारिश का यलो अलर्ट

प्रदेश में रविवार को भी अधिकतर जिलों में आंधी-बारिश की गतिविधियां जारी रही। खेतड़ी में भी ओले गिरने के समाचार हैं। मौसम में हुए इस बदलाव से प्रदेश में दिन का अधिकतम तापमान गिर गया है। सबसे अधिक गिरावट बीकानेर में दर्ज की गई है। यहां दिन का तापमान 9.2 डिग्री कम हो गया। मौसम केंद्र जयपुर के अनुसार सोमवार को भी पश्चिमी विक्षोभ का असर जारी रहेगा। विभाग ने सभी जिलों में आंधी-बारिश का यलो अलर्ट जारी किया है।

**BJP ने जारी किया चुनावी घोषणा पत्र, मोदी बोले...**

# '5 साल तक जारी रहेगी मुफ्त राशन की योजना'

**एजेंसी** | नई दिल्ली

भारतीय जनता पार्टी ने रविवार को आगामी लोकसभा चुनाव के लिए 'संकल्प पत्र' के नाम से अपना घोषणा पत्र जारी कर दिया है। भाजपा मुख्यालय में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और गृह मंत्री अमित शाह ने इसे जारी किया। बीजेपी का यह घोषणा पत्र विकसित भारत के लिए मोदी की गारंटी पर फोकस है जिसमें समाज के 4 स्तंभों-महिला, युवा, गरीब और किसान के उत्थान पर जोर दिया गया है। भाजपा का यह घोषणा पत्र केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की अध्यक्षता वाली 27 सदस्यों की कमेटी ने तैयार किया है। इसके लिए लोगों के आम लोगों से भी सुझाव भी मांगे गए थे। राजनाथ सिंह ने बताया कि इसके लिए 15 लाख से ज्यादा सुझाव मिले थे। घोषणा पत्र में बीजेपी ने कई ऐलान किए हैं।




1. **पांच साल के लिए फ्री राशन:** केंद्र सरकार साल 2020 से 80 करोड़ से ज्यादा परिवारों को फ्री राशन दे रही है। पीएम ने कहा कि यह योजना आने वाले पांच साल तक जारी रहेगी। हम सुनिश्चित करेंगे कि गरीब के खाने की थाली पोषणयुक्त हो। साथ ही मन को संतोष देने वाली और सस्ती हो।
2. **जीरो बिजली बिल:** पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के माध्यम से हर महीने मुफ्त बिजली उपलब्ध कराई जाएगी।
3. **लखपति दीदी:** एक करोड़ ग्रामीण औरतों को लखपति दीदी बनाकर सशख्त किया। अब 3 करोड़ महिलाओं क लखपति बनाएंगे।
4. **कामकाजी महिलाओं के लिए सुविधाएं:** औद्योगिक और व्यवसायिक क्षेत्र में कामकाजी महिलाओं के लिए हॉस्टल का निर्माण किया जाएगा। जिले में शिशुगृह की सुविधा होगी। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि आने वाले पांच साल नारी शक्ति नई भागीदारी के होंगे।
5. **70 साल के ऊपर के लोगों को आयुष्मान योजना:** बीजेपी ने संकल्प लिया है कि 70 साल से ऊपर के हर वृद्ध को आयुष्मान योजना के दायरे में लाया जाएगा। उन्हें पांच लाख रुपए तक मुफ्त इलाज की सुविधा मिलेगी।
6. **बुलेट ट्रेन:** हम बुलेट ट्रेन कॉरिडोर विकसित कर रहे हैं। बुलेट ट्रेन नेटवर्क के विस्तार के लिए उत्तर, दक्षिण और पूर्व में कॉरिडोर के लिए फिजिबिलिटी अध्ययन करेंगे।
7. **तीन करोड़ घर बनाने का संकल्प:** बीजेपी सरकार ने गरीबों को पक्के मकान बनाकर दिए हैं। अब जो जानकारियां राज्य सरकार को मिल रही हैं। उन परिवारों के लिए तीन करोड़ घर बनाने का संकल्प लेकर आगे बढ़ेंगे। अभी हमने घर-घर सिलेंडर पहुंचाए हैं।
8. **वन नेशन, वन इलेक्शन:** एक देश, एक चुनाव संबंधित मुद्दों की परीक्षण के लिए उच्चस्तरीय कमेटी का गठन किया है। उनकी सिफारिशों के सफल कार्यान्वयन की दिशा में काम किया जाएगा।
9. **मेडिकल एजुकेशन में सीट बढ़ेगी:** नए एम्स और विभिन्न नए जिला-स्तरीय में मेडिकल कॉलेजों के माध्यम से यूजी और पीजी मेडिकल में सीट बढ़ाई जाएंगी
10. **समान नागरिक संहिता कानून:** समान नागरिक संहिता देश के संविधान के अनुच्छेद में राज्य नीति के निर्देशक सिद्धांतों के रूप में दर्ज है। जब तक समान नागरिक संहिता को अपनाया नहीं जाएगा, तब तक महिलाओं को समान अधिकार नहीं मिल सकता।

### जयपुर में अमित शाह का रोड शो आज




केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह सोमवार को जयपुर में पहली बार रोड शो करेंगे। इस दौरान वे जयपुर शहर से लोकसभा प्रत्याशी मंजू शर्मा के समर्थन वोट मांगेंगे। शाम 6 बजे सांगानेरी गेट स्थित पूर्वमुखी हनुमान मंदिर से रोड शो शुरू होगा। यहां से जौहरी बाजार, बड़ी चौपड़, त्रिपोलिया बाजार होते हुए छोटी चौपड़ पहुंचेगा। रथ पर गृहमंत्री अमित शाह, मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा और लोस प्रत्याशी मंजू शर्मा रहेंगी। इस रोड शो के जरिए हवा महल, किशनपोल और आदर्श नगर विधानसभा सीट पर पूरी नजर बनाई गई है। पिछली बार विधानसभा के चुनाव में किशनपोल, आदर्श नगर विधानसभा में भारतीय जनता पार्टी की हार हो गई थी। महज कुछ वोटों से हवा महल विधानसभा सीट पर भाजपा को जीत मिली थी। ऐसे में अमित शाह इस रोड से इन तीन सीटों पर बड़ी लीड चाहते हैं।

**चूरू-सालासर हाईवे पर एक्सीडेंट के बाद कार में लगी आग**

# एक ही परिवार के 7 लोग जिंदा जले

**बेधड़क** | जयपुर/ फतेहपुर

चूरू-सालासर हाईवे पर रविवार को तेज रफ्तार कार-ट्रक से टकरा गई। हादसे के बाद कार और ट्रक में आग लग गई। इससे कार सवार 7 लोग जिंदा जल गए। मरने वालों में दो बच्चे भी शामिल हैं। आग इनती भीषण थी कि कोई कुछ भी नहीं कर पाया। परिवार सालासर बालाजी के दर्शन कर मेरठ जा रहा था। इसी दौरान सालासर पुलिया पर ओवरटेक के फेर में तेज रफ्तार कार ट्रक के नीचे जा घुसी। गैस पाइप के फटने से गैसकिट सिलेंडर में तुरंत आग लग गई और देखते-देखते कार जल उठी। ट्रक में भरी कॉटन रोल ने आग में घी डालने का काम किया। राहगीरों ने उन्हें बचाने का प्रयास भी किया, लेकिन गेट नहीं खुला और कुछ ही पल में आग ने सात जिंदगियां लील ली। आग इतनी भीषण थी कि पुलिस और दमकल पहुंची तब तक सारा खेल खत्म हो चुका था। ट्रक ड्राइवर व खलासी आग लगते ही भाग गए।



### सालासर बालाजी के दर्शन कर लौट रहे थे मेरठ

कार में मिले मोबाइल को चालू किया गया तो मृतकों के परिजनों से बातचीत की गई, जिसके अनुसार सभी मृतक मेरठ निवासी हैं और सालासर बालाजी के दर्शन करके वापस मेरठ जा रहे थे। इस दौरान फतेहपुर के नजदीक हादसे का शिकार हो गए। मृतकों में नीलम पत्नी मुकेश गोयल, आशुतोष पुत्र मुकेश गोयल, मंजू पत्नी महेश बिंदल, हार्दिक पुत्र महेश बिंदल, स्वाति पत्नी हार्दिक बिंदल, दीक्षा पुत्री हार्दिक बिंदल और एक छोटी बच्ची शामिल हैं। पुलिस ने मृतकों के परिजनों को सूचना दे दी है। परिजनों के पहुंचने के बाद सोमवार को पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिए जाएंगे।




**डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती में बोले सीएम भजनलाल...**

# पिछली सरकारों ने बाबा साहेब की विरासत को मिटाने का किया प्रयास

**बेधड़क** | जयपुर

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि केंद्र की पिछली सरकारों ने बाबा साहेब की विरासत को जनता के मानस पटल से मिटाने की कोशिश की। उनके जीवित रहते उन्हें कोई सम्मान नहीं दिया गया। मुख्यमंत्री ने यह बात रविवार को डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती के अवसर पर झालाना में अंबेडकर मेमोरियल वेलफेयर सोसायटी की ओर से जयंती समारोह में संबोधन के दौरान कही। इससे पहले सीएम ने अंबेडकर सर्किल स्थित बाबा भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर श्रद्धा सुमन अर्पित की। इस दौरान उन्होंने स्पष्ट किया कि लोग आरक्षण के मुद्दे पर भ्रम पैदा करने का काम कर रहे हैं, लेकिन बाबा साहब ने जो आरक्षण दिया है, वो उसी तरह रहेगा। इसे दुनिया की कोई ताकत नहीं हटा सकती है। ये भ्रम फैलाने वाले कांग्रेस के लोग किसी के सगे नहीं हो सकते हैं। ये बाबा साहब के भी सगे नहीं थे।



### बाबा साहेब भारत माता के महान सपूत

मुख्यमंत्री ने बाबा साहेब को भारत माता का महान सपूत, प्रकांड विद्वान, संविधान के शिल्पकार बताया। उन्होंने कहा कि बाबा साहेब ने देश को रास्ता दिखाने का काम किया। उन्होंने पंडित दीनदयाल उपाध्याय की अंत्योदय योजना को बढ़ाने का काम किया। दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र को संविधान दिया। सीएम ने कहा कि बाबा साहेब जानते थे कि संविधान मात्र एक कानूनी दस्तावेज नहीं है, बल्कि सामाजिक और आर्थिक दस्तावेज है। इसमें करोड़ों लोगों की आवश्यकताएं, परिवेदनाएं और हित सम्मिलित है। सीएम ने कहा कि पीएम मोदी ने भाजपा का संकल्प पत्र जारी किया है। इस संकल्प पत्र में बाबा साहेब की बातों को प्राथमिकता पर रखा है। संकल्प पत्र के माध्यम से नारी शक्ति की नई भागीदारी होगी और भाजपा सरकार पूर्ण रूप से नारी शक्ति और आमजन के साथ होगी, क्योंकि भाजपा का संकल्प ही अंत्योदय है।

## जरूरी खबर

### EVM की कमीशनिंग और मॉक पोल की प्रक्रिया पूरी



**बेधड़क. जयपुर।** लोकसभा चुनाव के प्रथम चरण के 12 लोकसभा क्षेत्रों के लिए ईवीएम मशीनों की कमिशनिंग और मॉक पोल की प्रक्रिया पूरी हो चुकी है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी प्रवीण गुप्ता ने बताया कि प्रत्याशियों या उनके प्रतिनिधियों की मौजूदगी में प्रदेशभर में इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन एवं वीवीपैट की कमिशनिंग का कार्य किया गया। इस दौरान टीवी मॉनिटर के माध्यम से सिंबल लोडिंग की प्रक्रिया का प्रदर्शन किया गया। लोकसभा चुनाव में पहली बार प्रत्याशियों को यह सुविधा मिल रही है। गुप्ता ने बताया कि प्रथम चरण के निर्वाचन क्षेत्रों के लिए सभी आवश्यक उपकरण उपलब्ध हैं।

### कांग्रेस पर लगाया संविधान विरोधी होने का आरोप

**बेधड़क. जयपुर।** भाजपा के एससी मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष लाल सिंह आर्य ने रविवार कांग्रेस पार्टी पर संविधान विरोधी होने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी ने 1975 में आपातकाल लगाकर संविधान की आत्मा को कुचलने का काम किया था। भाजपा और पीएम मोदी से संविधान को कोई खतरा नहीं है। कांग्रेस पार्टी षड़यंत्र पूर्वक दलित और गरीब समाज को गुमराह करने कर रही है। पीएम मोदी द्वारा दलित कल्याण के लिए चलाई जा रही योजनाओं से एससी वर्ग का विश्वास भाजपा में बढ़ा है। आर्य ने कहा कि मोदी की योजनाओं से कांग्रेस की दुकानें बंद हो गई। ऐसे में कांग्रेस दलितों को गुमराह कर रही है।

### मोदी सरकार में हुए विकास कार्यां पर हुई चर्चा




**बेधड़क.जयपुर।** राष्ट्रीय सुरक्षा जागरण मंच की ओर से लोकसभा चुनाव के संबंध मे रविवार को प्रेस वार्ता रखी गई। इस अवसर पर राष्ट्रीय महामंत्री जसबीर सिंह, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रिटायर्ड मेजर जनरल अनुज माथुर, प्रदेश उपाध्यक्ष मेजर जनरल आर के कौशल, संरक्षक भागीरथ सिंह पूर्व कुलपति एवं प्रदेश महामंत्री पुष्कर उपाध्याय उपस्थित रहें। इस अवसर पर मोदी सरकार के पिछले 10 वर्षों मे किए गए महत्वपूर्ण कार्यों का उल्लेख किया। इनमे सर्जिकल स्ट्राइक, एयर स्ट्राइक, रक्षा बजट मे वृद्धि, सैन्य उपकरणों का भारत मे निर्माण सहित अन्य विकास कार्यों के बारे में बताया गया।

**भाजपा प्रदेशाध्यक्ष ने चित्तौड़गढ़ में घोषणा पत्र में शामिल किए गए मुद्दों को गिनाया**

# विकसित भारत का आधार बनेगा BJP का घोषणा पत्र: जोशी

**बेधड़क | जयपुर**

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सीपी जोशी ने भारतीय जनता पार्टी के लोकसभा चुनाव 2024 संकल्प पत्र को मोदी गारंटी के साथ सभी वर्गों के विकास और विकसित भारत संकल्प का आधार बताया। उन्होंने कहा कि आमजन के सुझावों से तैयार किया गया यह संकल्प पत्र देश के युवा, किसान, महिला और गरीब सहित समाज के हर वर्ग के विकास की गारंटी है। जोशी ने चित्तौड़गढ़ में डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती पर आयोजित कार्यक्रम में ये बात कही।

यह विकसित भारत के लिए मील का पत्थर साबित होगा। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सीपी जोशी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली भाजपा सरकार ने पिछले दस सालों में जो कहा वो करके दिखाया है। यही मोदी की गारंटी है और मोदी की गारंटी पर ही



जनता को भरोसा है। उन्होंने कहा कि संकल्प पत्र में देश को दुनिया के हर उभरते सेक्टर का ग्लोबल हब बनाने का संकल्प है।

70 साल से अधिक आयु के बुजुर्गों को आयुष्मान भारत योजना के तहत 5 लाख रुपए तक का मुफ्त इलाज, गरीबों को 2029 तक मुफ्त राशन, तीन करोड़ आवास, मुद्रा योजना के तहत लोन की सीमा 20 लाख रुपए करने, फसलों की एमएसपी में वृद्धि करने, प्राकृतिक खेती पर बल देने, किसान सम्मान निधि का लाभ जारी रखने, नमो ड्रोन दीदी योजना का विस्तार करने, जनजाति गौरव दिवस मनाने, दिव्यांग जनों को पीएम आवास योजना में प्राथमिकता देने, स्व निधि योजना का विस्तार करने, पेपर लीक नियंत्रण के लिए कानून का गठन करने, वन नेशन वन इलेक्शन लागू करने, युवाओं के लिए नए स्टार्टअप्स, युवाओं को ट्यूरिजम, स्पोर्टस और रोजगार के लिए नए अवसर नए आयाम करने सहित कई व्यवस्थाएं की है, जिससे देश के विकास को ओर गति मिलेगी।

### मोदी सरकार में हुए अभूतपूर्व कार्य

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सीपी जोशी ने कहा कि मोदी सरकार में पिछले दस सालों में अभूतपूर्व काम हुए हैं। कमजोर अर्थव्यवस्था से बाहर निकलकर भारत दुनिया की पांचवी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बना, देश मजबूत हुआ। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत शीघ्र ही अर्थव्यवस्था में तीसरे नम्बर पर पहुंचेगा। रेलवे के क्षेत्र में अनेक काम हुए हुए, वर्ल्ड क्लास रेलवे स्टेशन बन रहें है, देश को वंदे भारत, अंडर वाटर मैट्रो, सहित कई ट्रेनों की सौगातें मिली, एयरपोर्ट, सड़क, हाईवे के क्षेत्र में अनेक काम हुए। देश के इंफ्रास्टक्चर को मजबूती देने के लिए नए आयाम स्थापित हुए। मोदी सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ हर व्यक्ति हर वर्ग को मिला जिससे गरीब, किसान और वंचितों के जीवन स्तर में सुधार हुआ और पिछले दस सालों में 25 करोड लोग गरीबी रेखा से बाहर निकले, सुरक्षित, मजबूत और विकसित भारत ही मोदी सरकार का संकल्प है।

### साढ़े तीन माह में 45 फीसदी वादे पूरे

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सीपी जोशी ने कहा कि देश और प्रदेश की जनता ने देखा कि किस प्रकार राजस्थान में भाजपा की डबल इंजन सरकार ने सत्ता में आते ही संकल्प पत्र पर काम करना शुरू किया और मात्र साढे तीन महिनों में ही संकल्प के 45 प्रतिशत वादों को पूरा करने का काम हुआ है। इसलिए प्रदेश की सभी सीटों पर भाजपा की प्रचंड जीत, फिर एक बार मोदी सरकार अबकी बार 400 पार के साथ आना तय है।

**सीएम ने BJP प्रत्याशियों के समर्थन में सभाओं को किया संबोधित**

# 2014 के बाद हुआ विकास दुनिया में देश का बढ़ा मान

**बेधड़क | जयपुर**

जयपुर भरतपुर लोकसभा से भाजपा प्रत्याशी रामस्वरूप कोली के समर्थन में रविवार को मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा जनसभा को संबोधित करने भरतपुर के सीकरी पहुंचे। यहां सीएम ने जनसभा को संबोधित करते हुए कांग्रेस पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि पहले कांग्रेस सरकार में कट मनी लगता था। इसलिए केंद्र से भेजे गए 1 रुपए में से गरीब तक सिर्फ 15 पैसे पहुंचते थे, लेकिन आज दिल्ली से 100 रुपया चलता है, तो गरीब तक योजना का पूरा 100 रुपया पहुंचता है।

सीएम ने भाजपा सरकार की उपलब्धियां गिनाते हुए कहा कि हमें इस बार भी राजस्थान से पूरी 25 सीटों पर बड़े मार्जिन से जीत दर्ज कर पूरे 25 खिले हुए कमल पीएम मोदी को पहुंचाने हैं। सीएम ने कहा कि 2014 के बाद से देश में विकास हुआ और योजनाओं का लाभ गरीबों को मिलने लगा है। दुनिया में भारत का मान बढ़ा है। सीएम शर्मा ने दिल्ली-मुम्बई एक्सप्रेस-वे की तारीफ करते हुए लोगों से सवाल किया कि इस पर चलने में कैसा लगता है? उन्होंने कहा कि एक्सप्रेस-वे के साथ ही रेस्ट एरिया भी 50 साल की योजना के हिसाब से तैयार किया गया है। उन्होंने कहा कि मोदी ने देश के सभी जिलों में मेडिकल कॉलेज पहुंचाए हैं। पहले आतंकवादी बम फोड़कर चले जाते थे। 2014 के बाद किसी आतंकवादी ने देश की तरफ आंख उठाकर नहीं देखा। एक बार देखा था, तो अंदर घुसकर मारा था।

### प्रधानमंत्री मोदी ने देश के गरीबों के बैंक में खुलवाए खाते

सीएम शर्मा ने कहा कि पहले कोई गरीब बैंक की चौखट पर नहीं चढ़ सकता था, लेकिन मोदी ने देश के सभी गरीब लोगों के बैंक खाते खुलवाए और उनके पैसे सीधे उनके खाते में जाते हैं। उन्होंने कहा कि देश में कांग्रेस ने सबसे ज्यादा राज किया, लेकिन 70 साल बाद भी देश के गांव शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क, बिजली की मांग करते हैं। आज देश के हर घर में बिजली पहुंचने का काम पीएम मोदी ने किया है।




### कांग्रेस ने ERCP को लटकाया

ईआरसीपी को लेकर कांग्रेस पर हमलवार होते हुए सीएम भजनलाल ने कहा कि कांग्रेस ने ईआरसीपी को लटकाने का काम किया। हर बजट में इसका जिक्र किया, लेकिन फिक्र कभी नहीं की। फिक्र भाजपा सरकार ने की। इस योजना से किसान और लोगों को सिंचाई व पीने के पानी की व्यवस्था होगी। ईआरसीपी का काम भी मोदी ने किया। उन्होंने कहा कि इस योजना से सीकरी और छोटे मोटे-बांधों के साथ ही मोती झील भी भरेगी।

### कांग्रेस ने भ्रष्टाचार बढ़ाया, भाजपा ने वादे निभाए

धौलपुर-करौली लोकसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी इंदु देवी के समर्थन में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने रविवार को सैपऊ के महादेव मंदिर पर जनसभा को संबोधित किया। इसमें सीएम भजनलाल ने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए भ्रष्टाचार को बढ़ावा देने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस की सरकार में जमकर भ्रष्टाचार हुआ है, जिसे रोककर भाजपा ने अपना वायदा निभाया है। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी द्वारा किए गए सभी वादे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पूरे किए हैं। धौलपुर जिले में पुराने अस्पताल को चालू रखने का भरोसा दिलाते हुए मुख्यमंत्री भजनलाल ने भाजपा प्रत्याशी की समर्थन में वोट डालने की अपील की। मुख्यमंत्री ने जनता से भाजपा के पक्ष में मतदान करने की अपील करते हुए कहा कि उनकी पार्टी ने राम मंदिर सहित कश्मीर से 370 हटाने की पहल की है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस राम मंदिर और कश्मीर से 370 हटाने का विरोध करती हुई आई है जिसका इस बार जनता जवाब देगी।

## खबरों में बेधड़क खबर



### साहब देख रहे है पोस्टिंग के दिन में ही सपने

भाजपा-कांग्रेस की तरह खाकी के बड़े अफसरो के लिए भी लोकसभा चुनाव महत्वपूर्ण है। विधानसभा चुनावों के बाद में कई अफसरों ने बड़ी जिम्मेदारी के लिए एडी चोटी का जोर लगाया था, लेकिन तब कामयाब नहीं हो पाए थे। वहीं कई अफसर लोकसभा चुनावों के बाद महत्वपूर्ण पद के लिए अभी से झटपटाने लगे हैं। चर्चा है कि लालकोठी वाले सात मंजिला भवन में बैठने वाले एक बड़े साहब ने तो बड़ी जिम्मेदारी के लिए दिन में ही सपने देखने शुरू कर दिया है। साहब अपने मातहतों को केबिन में बुलाकर पोस्टिंग के सुनहरे सपने भी दिखा रहे हैं। साहब की कार्यशैली से ब्यूरोक्रेट व पॉलिटिक्ल नेता समेत आमजन भी भलीभांति वाकिफ हैं। साहब घाटगेट, लालकोठी के तीसरे माले और एमआई रोड वाले ऑफिस में बेठने के दिन में ही सपने देख रहे हैं।

### कोतवाल साहब का फार्म हाउस बना ठिकाना

मारवाड़ के एक जिले में तैनात कोतवाल साहब की कार्यशैली खाकी में इन दिनों चर्चा का विषय बनी हुई है। दरअसल कोतवाल साहब की पोस्टिंग एक बड़े दलाल के इशारे पर नेताजी ने कराई थी। पोस्टिंग के बाद दलाल ने कोतवाल साहब को इस कदर बोतल में उतार दिया कि अब वे उससे निकल ही नहीं पा रहे हैं। दलाल के इशारे पर ही थाने में दर्ज मुकदमों की फाइलों में निर्णय होता है। चर्चा है कि कोतवाल साहब शाम को छह बजे बाद तीन सौ वर्ग में बने फार्म हाउस में महफिल में बैठते है और दो घंटे में ही मदहोश हो जाते हैं। फार्म हाउस ही साहब का ठिकाना बना हुआ है। यह मामला मारवाड़ में चर्चा का विषय बना हुआ है।

### भ्रष्टों को पकड़ने वाले साहब का गामा पर हाथ

भ्रष्टाचार के मामले में फंसे एक गामा साहब पर पहले कार्रवाई और फिर क्लीनचिट देना भ्रष्टो को पकड़ने वाले कार्यालय को कठघरे में खड़ा कर दिया। क्लीनचिट देने को लेकर कई मायने निकाले जा रहे हैं। हालांकि हकीकत तो ऑफिस की चारदीवारी में ही कैद है। चर्चा है कि झालाना ऑफिस में रहे एक साहब ने घूस के आरोप में हवालात में गामा को भेज दिया था। साहब का तबादला होने के बाद जो गामा पर गंभीर आरोप लगे थे, उन आरोपों को तफ्तीश करने वाले साहब ने खारीज कर दिया और फाइल झालाना ऑफिस में भेज दी। फाइल कई दिनों तक ऑफिस में पड़ी रही। जब फाइल पर कोई निर्णय नहीं हुआ तो गामा ने एक बिचौलिए को पकड़ लिया और साहब तक पहुंच गए। चर्चा है कि पहली मुलाकात के बाद ही फाइल दो दिन में ही कार्यालय से क्लीनचिट देकर निकाल दी गई। इसको लेकर खाकी में तरह-तरह की चर्चा है।

### ब्रेवो साहब की प्लानिंग कर दी फेल

ब्रेवो साहब की कार्रवाईयों पर अब तो कोर्ट ने भी सवाल खड़े कर दिए। साहब के इशारे पर एक गामा ने पहले भी एशिया के सबसे बेस्ट थाने का अवार्ड लेने वाले थाने से जुड़े एक मामले में पूर्व सरपंच को अवैध रूप से हिरासत में रखा था। तब चर्चा थी कि गामा साहब के कानो में सोने के कुंडल और गाड़ी में नकदी थी, लेकिन जब तीन दिन बाद बड़ी सिफारिश से सरपंच बच निकला तो कुंडल व गाड़ी में रखी नकदी गायब थी। हालांकि बड़े अफसरों ने मामले को दबा लिया था। अब चर्चा है कि साहब ने एक फाइल में अपने इशारेबाजों को इनाम दिलाने के लिए मनमाफिक फाइल बनाकर लालकोठी वाले सात मंजिला भवन में भेजी थी, लेकिन विक्टर साहब व एमआई रोड़ वाले साहब को इसकी भनक लगी तो फाइल नए सीरे से तैयार की गई। साहब की इस प्लानिंग के फेल होने पर खाकी के कई अफसर रोमांचित हो रखे हैं।

**-ओमप्रकाश शर्मा, विशेष संवाददाता**

**प्रतिनिधि मंडल ने प्रमुख मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा**

## कर्मचारियों ने की सीएम से मुलाकात

**बेधड़क | जयपुर**

अखिल राजस्थान राज्य कर्मचारी संयुक्त महासंघ के प्रतिनिधि मंडल ने रविवार को मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा से उनके आवास पर शिष्टाचार भेंट की। मुलाकात के दौरान प्रतिनिधि मंडल ने कर्मचारियों की प्रमुख मांगों का मांग पत्र मुख्यमंत्री को सौंपा।

इसमें प्रदेशभर में सत्ताधारी दल के जनप्रतिनिधियों द्वारा कर्मचारियों के खिलाफ लगातार की जा रही बयानबाजी और कर्मचारियों को डराने-धमकाने की ओर उनका ध्यान आकर्षित किया गया। प्रदेशाध्यक्ष महावीर शर्मा तथा महामंत्री महावीर सिहाग के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल ने मुलाकात की।



इस दौरान महासंघ के प्रमुख नेता प्यारे लाल चौधरी, धर्मेंद्र फोगाट, दशरथ सिंह, महेंद्र कुमार तिवाड़ी, नरेंद्र सिंह कविया, कपिल चौधरी, शमीम कुरेशी, प्रहलाद जाट, दीपक खींची , मोहन लाल मीना , हरलाल चौधरी, डॉ. रोशन दीप श्रीमाली, शंकर लाल गौड़, रामरूप खटाणा तथा राहुल टोडावत शामिल थे।

## भाजपा का घोषणा पत्र मात्र जुमलों का संकलन

**जयपुर।** भाजपा की ओर से जारी घोषणा पत्र पर प्रतिक्रिया देते हुए राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष गोविन्द सिंह डोटासरा ने कहा कि घोषणा पत्र मात्र जुमलों का संकलन है। उसमें न तो भाजपा के 10 वर्षों के शासन का वास्तविक रिपोर्ट कार्ड प्रस्तुत हुआ और ना ही देश की मूलभूत समस्याओं, महंगाई व बेरोजगारी कम करने एवं जनता की अपेक्षाओं को लेकर कोई विजन नहीं है।

भाजपा के घोषणा पत्र में किसानों के लिए एमएसपी, श्रमिकों के लिए न्यूनतम मजदूरी और महिलाओं के विकास के



लिए कोई योजना नहीं है और ना ही कोई ठोस वादा किया है। जबकि कांग्रेस पार्टी द्वारा जारी न्याय पत्र में युवाओं को रोजगार, किसानों के एमएसपी का कानून, देशवासियों के लिए निशुल्क इलाज, श्रमिकों के लिए 400 रुपए न्यूनतम मजदूरी और महिलाओं को केन्द्रीय नियुक्तियों में 50 प्रतिशत आरक्षण देने का वादा किया गया है।

**जालोर में प्रधानमंत्री मोदी पर प्रियंका गांधी ने किए तीखे हमले**

# केंद्र की भाजपा सरकार ने किसानों को भूलकर अमीरों को लगाया गले

**बेधड़क | जयपुर**

कांग्रेस की राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका गांधी ने रविवार को जालोर लोकसभा क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी वैभव गहलोत के समर्थन में सभा की। इस दौरान भीनमाल के शिवराज स्टेडियम में आयोजित जन आशीर्वाद सभा को संबोधित करते हुए उन्होंने भाजपा पर जमकर हमला बोला।

उन्होंने बीजेपी पर निशाना साधते हुए कहा कि भाजपा ने कांग्रेस का गारंटी शब्द चुरा लिया और कांग्रेस के तर्ज पर गारंटी देने लगे। उन्होंने कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी ने आमजन से वादा किया था



कि कालाधन वापस लाया जाएगा। 2 करोड़ नौकरियां दी जाएंगी, 15-15 लाख रुपए टैक्सपेयर्स के खाते में आएंगे। किसानों की आमदनी दोगुनी की जाएगी, लेकिन हकीकत में इनमें से एक भी वादा मोदी पूरा नहीं कर पाए। प्रियंका ने कहा कि उनकी सारी गारंटियां खोखली बाते हैं, झूठे वादे हैं।

कांग्रेस यदि गारंटी देती हैं तो उसे पूरा भी करती है, चाहे आप ओपीएस देख लो या हर परिवार की महिला मुखिया को 1 लाख रुपए देने की गारंटी। कांग्रेस शासित राज्यों में यह पूरी भी की जा रही हैं। प्रियंका ने कहा कि भाजपा द्वारा जनता को धर्म के नाम पर, झूठे वादे करके, ध्यान बंटाने वाली बातें बोलकर बरगलाया जाएगा, लेकिन चुनना उसे है जो जनता के लिए काम कर सके।

### अधिकारी पीएम को सच्चाई बताने से डर रहे

प्रियंका गांधी ने कहा कि आज देश में बेरोजगारी और महंगाई सबसे बड़ी समस्या है। मुझे लगता है कि पीएम मोदी को कुछ हो गया है, वो समझ नहीं पा रहे हैं। इनके अधिकारी पीएम को सच्चाई बताने से डर रहे हैं। ऐसा लगता है कि पीएम मोदी देश की जनता से कट चुके हैं। आज पिछले 45 सालों में महंगाई दर सबसे ज्यादा है। मोदी सरकार को हमेशा ही चुनावों के वक्त सिलेंडर और पेट्रोल-डीजल की कीमतें याद आती हैं। आज ऐसे हालात हो चुके हैं कि बच्चों की पढ़ाई और शादी के लिए जमीन बेचनी पड़ रही है। किसान आंदोलन पर प्रियंका गांधी ने कहा कि कड़ाके की ठंड में किसान सड़कों पर बैठ रहे, लेकिन पीएम मोदी ने सुनवाई नहीं की। हालांकि जैसे ही यूपी के चुनाव नजदीक आए, सरकार ने काले कानूनों को वापस ले लिया। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार की नीयत ठीक नहीं है। कुछ दिन पहले देश में एक अरबपति के यहां शादी हुई, लेकिन आपने कभी सोचा है कि इतना पैसा कहां से आ रहा है। पीएम मोदी ने 16 हजार करोड़ के इनके कर्ज माफ किए हैं, वहीं जो किसान कर्ज में डूब रहा है, उसके बारे में बात तक नहीं होती।

### पेपरलीक व अग्निवीर योजना पर बरसीं

चुनावी भाषण में प्रियंका गांधी ने पेपरलीक और अग्निवीर योजना का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा कि केंद्र में हमारी सरकार बनने के बाद अग्निवीर योजना को रद्द किया जाएगा, ताकि नौजवान सम्मान के साथ नौकरी कर सके। वहीं पेपरलीक को रोकने के लिए कानून लाया जाएगा।

### गहलोत ने भी साधा निशाना

वहीं पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने कहा कि ये हमारी स्कीम्स बंद कर रहे हैं, लेकिन मैं आपको विश्वास दिलाता हूं कि हम ऐसा नहीं होने देंगे। राजस्थान की भाजपा सरकार कोई काम नहीं कर रही है। कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा ने कहा कि मोदी सरकार को 3650 दिन दे दिए, लेकिन एक भी काम इन्होंने ढंग से नहीं किए हैं। आपको बता दें कि जालोर-सिरोही से कांग्रेस ने अशोक गहलोत के बेटे वैभव गहलोत को उम्मीदवार बनाया है। वहीं भाजपा ने लुंबाराम चौधरी को चुनावी मैदान में उतारा है।

### प्रियंका का रोड शो अलवर में आज

अलवर लोकसभा सीट पर कांग्रेस प्रत्याशी ललित यादव के समर्थन में सोमवार सुबह कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी का रोड शो होगा। रोड शो अलवर शहर के कंपनी बाग के सामने शहीद स्मारक से शुरू होगा। उनके साथ प्रदेश के पूर्व सीएम अशोक गहलोत, नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली व पूर्व मंत्री जितेंद्र सिंह भी रहेंगे।

## नवरात्रि

### सप्तमी देवी मां कालरात्रि



**चैत्र** नवरात्रि के सातवें दिन मां के सातवें स्वरूप मां कालरात्रि की पूजा-अर्चना की जाती है। मां कालरात्रि का शरीर अंधकार की तरह काला है। मां के बाल लंबे और बिखरे हुए हैं। मां के गले में माला है जो बिजली की तरह चमकते रहती है। मां कालरात्रि के चार हाथ हैं। मां के हाथों में खड़्ग, लौह शस्त्र, वरमुद्रा और अभय मुद्रा है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, मां कालरात्रि भक्तों की काल से रक्षा करती है और सुख-समृद्धि का आशीर्वाद प्रदान करती हैं। मां कालरात्रि को गुड़ अतिप्रिय है। मान्यता है कि माता रानी को नवरात्रि के सातवें दिन गुड़ का भोग लगाना अत्यंत शुभ होता है।

**एसआई भर्ती परीक्षा-2021:** एसओजी ने 4 ट्रेनी एसआई को किया गिरफ्तार

# अपनी जगह पर डमी कैंडिडेट बिठा कर की थी परीक्षा पास

**बेधड़क** | जयपुर

एसओजी ने रविवार शाम को एसआई भर्ती परीक्षा-2021 में अपनी जगह पर डमी कैंडिडेट बैठाकर परीक्षा पास करने वाले चार ट्रेनी एसआई को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार सभी ट्रेनी एसआई इस दौरान आरपीए में ट्रेनिंग कर रहे थे। सेंटर में एसओजी की टीम पहुंचने पर हड़कंप मच गया। कई ट्रेनी एसआई रविवार होने के चलते आराम मोड में थे। तभी एसओजी ने एक-एक कमरे से ट्रेनी एसआई का नाम बोल कर उनके उनके कपड़ों के बैग तैयार करने को कहा। एसओजी शाम तक सभी चारों एसआई को एसओजी मुख्यालय लेकर आ गई। एडीजी एसओजी वीके सिंह ने बताया कि चारों ने अपने स्थान पर डमी अभ्यर्थी बैठा कर एसआई भर्ती परीक्षा-2021 को पास किया था। एसओजी ने जो कुछ दिनों पहले डमी परीक्षा ली थी उस में यह चोरों पूरी तरह से फेल हो गए थे, जिस पर इन पर एसओजी को शक हुआ और उसके आधार पर इन के दस्तावेजों और सेंटर की जांच की गई तो पता चला कि इन चारों ने डमी कैंडिडेट बिठा कर परीक्षा पास की थी। पूछताछ में चारों ट्रेनी एसआई ने डमी कैंडिडेट परीक्षा में बिठाना स्वीकार कर लिया है।

**1** ट्रेनी एसआई हरिओम निवासी डूंगरपुर की भर्ती परिक्षा में मेरिट नंबर 645 आई थी। उसका प्रकाश पब्लिक सीनियर सैंकडरी स्कूल निवारू रोड झोटवाड़ा में सेंटर था। 15 सितंबर 2021 को परीक्षा हुई थी। उसमें हिंदी में 200 में से 169.69, सामान्य ज्ञान में 200 में से 118.46 कुल 400 में से 288.15 अंक मिले थे। उसके इंटरव्यू में 28 नंबर आए। इस प्रकारआरपीएससी के एग्जाम में 316.15 अंक मिले। वहीं, एसओजी द्वारा करवाए गए एग्जाम में हिंदी में 200 में से 55 और सामान्य ज्ञान में 200 में से 69 अंक ही प्राप्त कर पाया हैं।

**आरपीए सेंटर से इन आरोपियों को पकड़ा**



**2** विक्रमजीत निवासी बज्जू बीकानेर हाल पार्श्वनाथ सिटी जोधपुर का मैरिट नंबर 1263 आया था। उसका श्री जवाहर जैन सैंकंडरी स्कूल उदयपुर में परीक्षा सेंटर था। उसकी 13 सितंबर 2021 को परीक्षा हुई थी। जिसमें हिंदी में 200 में से 158.27, सामान्य ज्ञान में 200 में से 118.91 कुल 400 में से 277.18 अंक प्राप्त किए हैं। उसके इंटरव्यू में 20 नंबर आए। इस प्रकार आरपीएससी के एग्जाम में 297.98 अंक मिले। वहीं, एसओजी द्वारा करवाए गए एग्जाम में हिंदी में 200 में से 43 और सामान्य ज्ञान में 200 में से 43 अंक ही प्राप्त किए।

**3** श्याम प्रताप सिंह निवासी जोधपुर का मैरिट नंबर 2207 आया था। उसका गवर्नमेंट सीनियर सैंकडरी स्कूल डेसूला अलवर में सेंटर आया था। उसकी 13सितंबर 2021 को परीक्षा हुई थी। जिसमें हिंदी में 200 में से 143.43, सामान्य ज्ञान में 200 में से 95.56 कुल 400 में से 238.99 अंक प्राप्त किए हैं। उसके इंटरव्यू में 29 नंबर आये थे। इस प्रकार आरपीएससी के एग्जाम में 267.99 अंक मिले। वहीं, एसओजी द्वारा करवाए गए एग्जाम में हिंदी में 200 में से 63 और सामान्य ज्ञान में 200 में से 70 अंक ही प्राप्त किए हैं।

**4** श्रवण कुमार निवासी बज्जू बीकानेर का मैरिट नंबर 1708 आया था। उसका गवर्नमेंट गर्लस सीनियर सैंकडरी स्कूल मंडोर जोधपुर में सेंटर आया था। उसकी 14 सितंबर 2021 को परीक्षा हुई थी। जिसमें हिंदी में 200 में से 135.8, सामान्य ज्ञान में 200 में से 120.79 कुल 400 में से 256.59 अंक प्राप्त किए हैं। उसके इंटरव्यू में 28 नंबर थे । इस प्रकार आरपीएससी के एग्जाम में 284.59 अंक मिले। वहीं, एसओजी द्वारा करवाए गए एग्जाम में हिंदी में 200 में से 31 और सामान्य ज्ञान में 200 में से 36 अंक ही प्राप्त किए हैं।


**पहल:** सप्लाई सुचारू करने के लिए पीएचईडी की कवायद

# पेयजल की समस्या है तो कीजिए वॉट्सएप... हो जाएगा निस्तारण

**बेधड़क** | जयपुर

जयपुर प्रदेश में पेयजल की समस्या के तत्काल निस्तारण के लिए पीएचईडी ने नई पहल की है। अब प्रदेश के किसी भी जिलों में पेयजल की सुचारू व्यवस्था सुनिश्चित करने व पेयजल संबंधी समस्याओं के त्वरित निस्तारण को लेकर विभाग ने वॉट्सएप नंबर जारी किए हैं।

जानकारी के अनुसार अब संबंधित विभाग शिकायत निवारण के लिए के साथ समर कंटिजेंसी कार्यों का बेहतर प्रबंधन एवं मॉनिटरिंग भी सुनिश्चित होगी। राज्य एवं जिला स्तर पर कंट्रोल रूम स्थापित किए गए है। यह कन्ट्रोल रूम राज्य स्तर पर चौबिसों घंटे एवं जिला स्तर पर प्रतिदिन प्रातः 6:00 बजे से रात्रि 10:00 बजे तक काम करेंगे।






### समर कंटीन्जेसी कार्यों की होगी मॉनिटरिंग

जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के शासन सचिव डॉ समित शर्मा ने बताया कि प्रदेश में ग्रीष्म ऋतु के दौरान आमजन को पेयजल संबंधी किसी भी तरह की समस्या के निवारण के लिए राज्य एवं जिला स्तर पर प्रभारी अधिकारी की नियुक्ति की गई है। यह अधिकारी पेयजल की समस्याओं से संबंधी शिकायतों का निवारण सुनिश्चित करने के साथ-साथ समर कंटीन्जेसी कार्यों की मॉनिटरिंग का कार्य भी करेंगे। उन्होंने बताया कि राज्य स्तर पर कन्ट्रोल रूम नम्बर 0141 2222585 पर शिकायत दर्ज करवाई जा सकती है। इसी प्रकार सभी पचास जिलों के लिए अलग-अलग नम्बर जारी किये गए हैं।

### जिला स्तरीय वॉट्सएप ग्रुप का गठन

शासन सचिव ने बताया कि जिला स्तर पर पेयजल संबंधी शिकायतों के निवारण के लिए जारी किए गए वॉट्सएप नंबर पर शिकायतकर्ता को अपना नाम, मोबाइल नंबर एवं लोकेशन भेजनी होगी, जिससे संबंधित अधिकारी वहां पहुंचकर शिकायत का तुरंत निवारण कर सकें। इसके अतिरिक्त पेयजल समस्याओं की बेहतर मॉनिटरिंग तथा त्वरित निस्तारण के लिए प्रदेश के सभी 50 जिलों में वॉट्सएप ग्रुप भी बनाए गए हैं, जिसमें उस जिले के जनप्रतिनिधि सहित गणमान्य नागरिकों को शामिल किया गया है।

**1800 व्यापारियों ने की शिरकत**

## राजस्थान सेल्स एसोसिएशन के वार्षिक उत्सव पर प्रीतिभोज



**बेधड़क** | जयपुर

राजस्थान सेल्स एसोसिएशन के वार्षिक उत्सव व प्रीतिभोज समारोह का आयोजन प्रदेश अध्यक्ष मनमोहन शर्मा की अध्यक्षता में रविवार को मानसरोवर में सम्पन्न हुआ।

प्रदेश महासचिव धीरज शर्मा ने बताया कि कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व आईपीएस और राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड के चेयरमैन हरिप्रसाद शर्मा, एनएसयूआई के प्रदेश अध्यक्ष विनोद जाखड़, पूर्व राज्यमंत्री महेश शर्मा, पूर्व राज्यमंत्री मंजू शर्मा, पूर्व राज्यमंत्री सुशील पारीक, करण, प्रतापसिंह खाचरियावास, कांग्रेस विधायक प्रत्याशी दोलत मीणा, पूर्व जिला बार एसोसिएशन अध्यक्ष डॉ. सुनील शर्मा, विप्र फाउंडेशन प्रदेश अध्यक्ष राजेश कर्नल, खुदरा व्यापार मंडल अध्यक्ष विनोद अग्रवाल, सामाजिक नेता सुनील उदैया, अनिल चतुर्वेदी, पंकज जोशी, चन्द्रप्रकाश सैनी, पवन शर्मा प्रीतमपूरी, भाजपा नेता विष्णु प्रताप सिंह, विद्याधर नगर कांग्रेस अध्यक्ष हरेंद्र पाल जादोन, छात्रनेता लोकेंद्र सिंह, धर्मेन्द्र राठौड, मोहित यादव, महेन्द्र चौधरी, मनीष चारण, महेन्द्र देगड़ा, रिंकु मीणा, दौसा पीजी कॉलज अध्यक्ष दिलीप मीणा, प्रदेश पदाधिकारी राजकुमार शर्मा, जयपुर अध्यक्ष योगेश अग्रवाल, प्रदेश महासचिव रवि रॉय शर्मा, हिम्मत राठौड़, मनीष शर्मा, सौरभ त्रिपुरी, कैलाश यादव, महेन्द्र शर्मा, अजय शुक्ला, मनोज रोकना, मनोज भारद्वाज, रणजीत जाटोलिया, संदीप वर्मा, गंगाप्रसाद शर्मा, राहुल भारद्वाज, साम्यक संस्था देवेंद्र जोशी, सुनील अग्रवाल, कृष्णा चौधरी ,सुभाष चौधरी, कुंजबिहारी गोयल, विराज फाउंडेशन भुवनेश तिवारी, हवासिंह बुगालिया सहित सेल्फ अधिकारी, सहित लगभग 1800 व्यापारी व सेल्सकर्मी प्रबुद्धजनों ने कार्यक्रम में शिरकत की।

### जयपुर पहुंचा श्रीनाथजी के प्रसाद का ट्रक



**जयपुर।** एक लाख एक मठरिया रामनवमी महोत्सव पर श्री नाथ जी की तरफ से रामलला मंदिर में भेंट की जाएगी। इसके लिए अयोध्या रवाना किए गए श्रीनाथ जी के प्रसाद से भरे ट्रक के रविवार को जयपुर पहुंचने पर भक्तों ने पुष्पवर्षा कर इसका स्वागत किया। समाज सेवी गोकुल माहेश्वरी ने बताया कि तिलकायत राकेश गोस्वामी व चिरंजीवी विशाल बाबा के सानिध्य में 1 लाख एक मठरी श्री नाथ जी मंदिर नाथद्वारा से रवाना होकर भीलवाड़ा, जयपुर, मथुरा, लखनऊ होते हुए अयोध्या पहुंचेगी। सभी भक्तों को रामनवमी के महापर्व पर यह प्रसाद वितरित किया जाएगा।


सच बेधड़क
दैनिक हिन्दी अख़बार
आपके दिल की बात अब आपके अखबार के माध्यम से...
अख़बार में प्रकाशन के लिए खबर, विज्ञप्ति, कार्यक्रम की सूचना आलेख एवं अपनी मौलिक रचनाएं
news@sachbedhadak.com
पर E- Mail करें।


**चिकित्सकों का निलंबन वापस लेगी सरकार**

## रेजिडेंट्स चिकित्सकों की हड़ताल समाप्त

**बेधड़क** | जयपुर





राजस्थान में रेजिडेंट चिकित्सकों की हड़ताल समाप्त हो गई है। सरकार चिकित्सकों का निलंबन वापस लेगी। चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की एसीएस शुभ्रा सिंह की समझाइश के बाद हड़ताल समाप्त करने का निर्णय लिया है। व्यापक जनहित एवं निलंबित रेजिडेंट चिकित्सकों के भविष्य को दृष्टिगत रखते हुए सवाई मानसिंह मेडिकल कॉलेज प्रशासन एवं जयपुर एसोसिएशन ऑफ रेजिडेंट डॉक्टर्स तथा अन्य चिकित्सक संघों के प्रतिनिधियों के साथ समझाइश की। इसके बाद रेजिडेंट चिकित्सक हड़ताल वापस लेने पर सहमत हो गए। हालांकि, हड़ताल को देखते हुए राज्य सरकार ने पूर्ण वैकल्पिक व्यवस्था कर ली थी। उल्लेखनीय है कि कांवटिया अस्पताल परिसर में एक महिला का प्रसव होने के मामले में एसएमएस मेडिकल कॉलेज प्रशासन ने 3 रेजिडेंट एवं एक सीनियर रेजिडेंट चिकित्सक को निलंबित कर दिया था। इससे पहले एसएमएस अस्पताल में मरीज को गलत ग्रुप का ब्लड चढ़ाने के मामले में भी दो रेजीडेंट को निलंबित किया था।

**भैयाजी जोशी ने दी अंबेडकर को श्रद्धांजलि**

## अंतिम पायदान तक पहुंचे चिकित्सा सुविधा

**बेधड़क** | जयपुर



राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के पूर्व सरकार्यवाह सुरेश भैयाजी जोशी ने कहा कि चिकित्सा व्यवस्था को व्यवहारिक एवं चिकित्सा सुविधाओं को समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति तक पहुंचाएं चिकित्सक। जोशी महात्मा गांधी अस्पताल में आयोजित स्वास्थ्य सेवा की कार्यशाला को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य क्षेत्र में भारत में कई प्रकार की चिकित्सा पद्धतियां है, सामान्य व्यक्ति के स्वास्थ्य को सुरक्षित करने में इन सबका अपना अपना योगदान रहा है। भारत उदारता पूर्वक इन सभी चिकित्सा पद्धतियों का समन्वित उपयोग करने वाला देश बने यह हम सभी की जिम्मेदारी है। संयोजक डॉ. राजकुमार हर्षवाल ने बताया की जयपुर प्रांत कार्यशाला का आयोजन महात्मा गांधी अस्पताल में किया गया, जिसमें 11 जिलों के 94 अस्पताल के 153 चिकित्सकों ने भाग लिया। कार्यक्रम के प्रारंभ में भैया जी जोशी ने अंबेडकर जयंती पर बाबासाहेब डॉ भीमराव अंबेडकर के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम के विशेष अतिथि डॉ. एमएल स्वर्णकार ने आम जन को सुलभ एवं गुणवत्ता पूर्ण चिकित्सा सुविधा उपलध कराने की अपनी प्रतिबद्धता दोहराई। संघ के क्षेत्रीय संघचालक डॉ. रमेश अग्रवाल ने भी इस अवसर पर आमजन को राहत पहुंचाने के लिए चिकित्सा व्यवस्था में नए आयाम एवं नवाचार करने की अपील की। कार्यक्रम में राज्यसभा सांसद घनश्याम तिवाड़ी, वी संतोष और क्षेत्र प्रचारक निम्बाराम एवं अन्य सहभागी भी उपस्थित रहे।

**हेल्थ टॉक में डॉक्टर महेंद्र गुप्ता ने दी जानकारी**

# तीन सप्ताह से अधिक बैक पेन है तो रहें सचेत... हो सकती है परेशानी!

**बेधड़क** | जयपुर




'बैक पेन को हल्के में ना लें। किसी भी व्यक्ति को तीन हफ्ते से ज्यादा बैक पैन रहे तो डॉक्टर को दिखाना चाहिए, नहीं तो परेशानी और भी बढ़ सकती है।' यह बात हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉक्टर महेंद्र गुप्ता ने कही। वे राजस्थान जैन युवा महासभा दक्षिण संभाग सांगानेर एवं इटरनल हॉस्पिटल सांगानेर की और से रविवार को आयोजित स्वास्थ्य परिचर्चा 'हेल्थ टॉक' में चर्चा कर रहे थे। संयोजक अनिल दोषी व राकेश बबल जैन ने बताया कि कार्यक्रम में हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉक्टर महेंद्र गुप्ता ने लगातार एक ही पॉस्चर में बैठे रहने को गलत बताते हुए कहा कि बैठने की स्थिति को थोड़े-थोड़े समय में बदलता रहना चाहिए। उन्होंने हड्डी व घुटनों से संबंधित विभिन्न बीमारियों को चलचित्रों के माध्यम से समझाया एवं शंका समाधान भी किया। इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष प्रदीप जैन, महामंत्री विनोद जैन कोटखावदा, संभाग अध्यक्ष चेतन जैन, महामंत्री महावीर सुरेंद्र जैन एडवोकेट, चित्रकूट मंदिर मंत्री अनिल काशीपुरा अंजना जैन राजेश जैन सोगानी, सुरेश बिलाला, प्रदीप जैन अरविंद जैन नीतेश काला अमित गोधा गौरव सेठी आदि उपस्थित रहे। महामंत्री महावीर सुरेंद्र जैन एडवोकेट ने मंच संचालन किया। अनिल दोषी व राकेश बबल जैन ने अथितियों का स्वागत किया।

### संभव नाथ भगवान के निर्वाण लाडू चढ़ाया



जिले की ग्राम पंचायत डूंगरी के ग्राम सांगा का बास के दो सौ पचास वर्ष पुराने जैन मंदिर में रविवार को जैन धर्म के तीसरे तीर्थंकर संभव नाथ भगवान के मोक्ष कल्याण पर भक्ति भाव से निर्वाण लाडू समर्पित किया गया। मंदिर समिति अध्यक्ष पदम जैन बिलाला ने बताया कि भगवान संभव नाथ देव का जन्म कार्तिक की पूर्णिमा को श्रावस्ती गांव में हुआ था। उनके पिता का नाम राजा जितारी और माता का नाम सेना रानी था। तीर्थंकर संभव नाथ का प्रतीक चिह्न घोड़ा था व इनका निर्वाण सम्मेदशिखर से हुआ था। मंदिर जी में प्रातः अभिषेक शान्तिधारा व पूजन में अर्घ्य बोलने के बाद निर्वाण कांड वाचन कर पदम चंद, दुली चंद, मास्टर आदित बिलाला ने लाडू समर्पित किया। धर्म प्रभावना के साथ भगवान की आरती की गई। पंडित वीरेंद्र जैन ने विधि पूर्वक सब कार्य संपन्न कराए। पुष्पा बिलाला, कमला बिलाला, मनीष जैन, सुरेश जैन, किरण जैन, विमला बिलाला सहित समाज जनों की सहभागिता रही।

## जरूरी खबर

### वाहन रैली निकाली लोक कलाकारों ने बांधा समां



**चाकसू।** भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की 133वीं जयंती पर रविवार को बैरवा छात्रावास से विधायक रामावतार बैरवा व पालिका चेयरमैन कमलेश बैरवा ने वाहन रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। कोटखावदा मोड़ स्थित बाबा साहेब की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की गई। रैली में ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष भरतलाल मीणा, हनुमान सिंह सैनी, सीताराम मंडावरिया, लादूराम वर्मा, चिरंजीलाल, रत्न लाल व सोनू बैरवा, आशीष बाल्मीकि, प्रहलाद धमानिया सहित सैकड़ों युवा व महिला शक्ति नारे लगाते चल रहे थे। इस मौके पर सांस्कृतिक संध्या का आयोजन भी हुआ। इसमें साजन राणा, ममता सपेरा एवं रानी सपेरा ने अपनी कला का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम में दोसा संसदीय लोकसभा कांग्रेस प्रत्याशी मुरारीलाल मीणा, पूर्व विधायक वेदप्रकाश सोलंकी, प्रकाश बैरवा ने शिरकत की।

### गिरादड़ा तालाब में डूबने से युवक की गई जान

**पाली।** जिले के सदर थाना क्षेत्र में स्थित गिरादड़ा गांव में बीती रात तालाब में डूबने से एक युवक की मौत हो गई। युवक के तालाब में डूबने की सूचना मिलने पर सदर थाने से एसआई शिवनारायण समेत अन्य पुलिसकर्मी मौके पर पहुंचे और शव को तालाब से निकालने की कार्रवाई की। प्राप्त जानकारी के अनुसार शनिवार देर रात गिरादड़ा निवासी जगदीश पुत्र मिश्रीलाल बावरी तालाब में डूब गया।

### शिविर में मानव सेवार्थ स्वेच्छा से किया रक्तदान



**सीकर।** महावीर जयंती के उपलक्ष में रविवार को जैन सोश्यल ग्रुप की ओर से बजाज रोड स्थित जैन भवन में रक्तदान शिविर आयोजित किया गया। सुबह 8.30 बजे आयोजित शिविर शांति देवी पहाड़िया की स्मृति में लगाया गया। शिविर में जैन एवं मित्तल हॉस्पिटल की ब्लड बैंक टीम ने रक्त संग्रहण किया। शिविर में लोगों ने मानव सेवार्थ स्वेच्छा से रक्तदान किया। वहीं भारत तिब्बत सीमा पुलिस बल में इंस्पेक्टर के पद पर कार्यरत संगरिया, हनुमानगढ़ के वार्ड-16 निवासी सुनील कुमार महला ने भी रक्तदान किया।

---

**तकनीक आधारित रक्षा प्रणाली के विकास में आत्म-निर्भरता हासिल करने की ओर महत्वपूर्ण कदम**

# बढ़ेगी ताकत: टैंक रोधी मिसाइल प्रणाली का सफल परीक्षण

**बेधड़क | जैसलमेर**

भारतीय सेना ने स्वदेश निर्मित 'मैन पोर्टेबल एंटी टैंक गाइडेड मिसाइल सिस्टम' या टैंक रोधी मिसाइल प्रणाली का सफल परीक्षण किया। यह परीक्षण शनिवार को जैसलमेर पोकरण फील्ड फायरिंग रेंज में किया गया।

देश में ही मेक इन इंडिया अभियान के तहत बने इस मिसाइल सिस्टम को कहीं भी ले जाया जा सकता है। सफल परीक्षण के बाद अब टैंक रोधी मिसाइल सिस्टम के सेना में शामिल होने का रास्ता साफ हो गया है। इससे भारतीय सेना की ताकत और बढ़ेगी।



आधुनिक तकनीक युक्त टैंक रोधी मिसाइल का सफल परीक्षण होने के बाद इस सिस्टम को सेना में शामिल किया जाएगा। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने टैंक रोधी मिसाइल सिस्टम के सफल परीक्षण के लिए डीआरडीओ और भारतीय सेना की प्रशंसा की। उन्होंने इसे आधुनिक प्रौद्योगिकी आधारित रक्षा प्रणाली के विकास में आत्म-निर्भरता हासिल करने की ओर महत्वपूर्ण कदम बताया।

### डीआरडीओ ने किया विकसित

सेना के अधिकारियों ने बताया कि इस हथियार प्रणाली को रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) ने विकसित किया है। इस प्रणाली में एमपीएटीजीएम, लॉन्चर, लक्ष्य प्राप्ति उपकरण और एक अग्नि नियंत्रण इकाई शामिल हैं। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने टैंक रोधी मिसाइल सिस्टम के सफल परीक्षण के लिए डीआरडीओ और भारतीय सेना की प्रशंसा की और इसे आधुनिक प्रौद्योगिकी आधारित रक्षा प्रणाली के विकास में आत्म-निर्भरता हासिल करने की ओर महत्वपूर्ण कदम बताया।

### रक्षा मंत्रालय ने की तारीफ

रक्षा मंत्रालय ने रविवार को बताया कि उच्च श्रेष्ठता के साथ प्रौद्योगिकी को साबित करने के उद्देश्य से एमपीएटीजी हथियार प्रणाली का कई बार विभिन्न उड़ान परिस्थितियों में मूल्यांकन किया गया। 'इस हथियार प्रणाली का 13 अप्रैल को पोखरण फील्ड फायरिंग रेंज में सफल परीक्षण किया गया। मिसाइल का प्रदर्शन उल्लेखनीय पाया गया है।' गौरतलब है कि यह टैंक रोधी मिसाइल सिस्टम दिन और रात, दोनों वक्त इस्तेमाल किया जा सकता है। डीआरडीओ अध्यक्ष समीर वी कामत ने इस परीक्षण से जुड़े दलों को बधाई दी।

---

**कांग्रेस नेताओं ने भाजपा से लोकतंत्र को बताया खतरा**

# पैरों तले जमीन खिसकने लगी तो बयान बदल रहे भाजपा नेता

**बेधड़क | भीलवाड़ा**

लोकसभा चुनाव प्रचार के दौरान इन दिनों कांग्रेस देश में लोकतंत्र को लेकर भाजपा पर हमलावर दिख रही है। कांग्रेस नेता भाजपा पर लोकतंत्र की धज्जियां उड़ाने और संविधान से छेड़छाड़ का अरोप लगा रहे हैं। इसी कड़ी में शनिवार को भीलवाड़ा से कांग्रेस प्रत्याशी डॉ. सीपी जोशी ने भाजपा पर जमकर हमला बोला।

उन्होंने चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि 1947 से 2014 तक भारत में कांग्रेस पार्टी ने नीति बनाकर देश को खड़ा किया, जबकि वर्ष 2014 के बाद सिर्फ भाषण दिए गए। उन्होंने कहा कि वो मेवाड़ की कांग्रेस और मेवाड़ के खेत को फर्टाइल करने के लिए आए हैं। सभा को संबोधित करते हुए सीपी जोशी ने बड़ा बयान दिया। उन्होंने कहा कि भाजपा पहले संविधान संशोधन की बात कर रही थी, लेकिन अब उनके पैरों के नीचे की जमीन खिसक गई है। 400 सीटों का दावा करने वाली भाजपा 200 सीटों पर ही अटक जाएगी। उन्होंने कहा कि भाजपा संविधान में संशोधन और 400 सीट की बात कर रही है, लेकिन अब भाजपा के नेताओं को समझ में आया है कि 400 सीटें नहीं आ रही हैं। उनके पैरों के नीचे की जमीन खिसक रही है। भाजपा की गाड़ी 200 सीटों पर ही अटक रही है। इसलिए अब भाजपा के नेता कह रहे हैं कि हम संविधान में संशोधन नहीं करेंगे।



### संसदीय लोकतंत्र कमजोर न करें

उन्होंने कहा कि संसदीय लोकतंत्र में अलग-अलग भाषा बोलने वाले लोग, अलग-अलग धर्म के लोग, अलग-अलग जाति के लोग इस देश के निर्माण का काम करते हैं। ये काम कांग्रेस पार्टी ने किया है। सीपी जोशी ने मेवाड़ में कांग्रेस को मजबूत करने को लेकर वरिष्ठ जनों को संबोधित करते हुए कहा कि वो मेवाड़ के खेत को वापस फर्टाइल करने के लिए आए हैं। वोट उसी को देना जो मेवाड़ की ताकत को बनाए रखे। आपको ऐसा नुमांइदा चुनना चाहिए जिससे आने वाले समय में हमारे यहां से एमपी व एमएलए बने ओर प्रदेश में हमारी सरकार बने। इस दौरान कांग्रेस जिलाध्यक्ष अक्षय त्रिपाठी, कांग्रेस के पदाधिकारी दुर्गेश शर्मा, महेश सोनी सहित वरिष्ठ पदाधिकारी व आमजन मौजूद रहे।

### देश में संविधान पर मंडरा रहा खतरा: जाट

भीलवाड़ा में डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती के मौके पर भीलवारड़ा में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस मौके पर पूर्व राजस्व मंत्री रामलाल जाट ने बड़ा बयान दिया। उन्होंने कहा कि वर्तमान पीढ़ी को बाबा साहब अंबेडकर के विचार अपने जीवन में उतारने चाहिए। आज देश में संविधान पर खतरा मंडरा रहा है और राजनीतिक पार्टियां देश में अमन चैन व शांति को खत्म करने की कोशिश कर रही हैं। उन्होंने कहा कि बाबा साहब अंबेडकर का देश में भाईचारा कायम करना मूल मंत्र रहा है।

### संविधान से छेड़छाड़ नहीं बर्दाश्त: भंवर जितेंद्र

**अलवर।** बाबा भीमराव अंबेडकर जयंती पर पूर्व केंद्रीय मंत्री और कांग्रेस महासचिव भंवर जितेंद्र सिंह ने बीजेपी पर हमला बोला। रविवार को अलवर में आयोजित कार्यक्रम में उन्होंने कहा कि अगर संविधान से किसी ने छेड़छाड़ की तो हम लोग सड़कों पर आ जाएंगे। ये हम लोगों को कतई बर्दाश्त नहीं है। उन्होंने कहा कि संविधान में बाबा साहब ने अमीर, गरीब, पिछड़े, वंचित सभी को एक समान दर्जा दिया है। सामाजिक छुआछूत और भेदभाव के स्थान पर उन्होंने न्याय, करुणा, सामाजिक समानता और एकता के सिद्धांत को प्रतिपादित किया। पत्रकारों से बातचीत करते हुए उन्होंने कहा कि हमारे देश के संविधान से प्रेरणा लेकर कई देशों के संविधान बने और संशोधित हुए। हमे हमारे संविधान को और मजबूत करने की आवश्यकता है।

---

**BJP के विरोध में उतरा राजपूत समाज**

# क्षत्राणियों का अपमान और इतिहास से छेड़छाड़ नहीं करेंगे बर्दाश्त



**बेधड़क | दौसा**

राजपूत समाज का आक्रोश भाजपा की मुश्किलें बढ़ा सकता है। श्रीभवानी राजपूत छात्रावास दौसा में छात्राणियों के लिए अभद्र भाषा का प्रयोग करने वाले गुजरात से भाजपा सांसद प्रत्याशी पुरुषोत्तम रुपाला के विरोध में समाज के सैकड़ों युवाओं ने भाजपा के खिलाफ विरोध किया। प्रदर्शन कर टिकट काटने की मांग की है।

राजपूत समाज के प्रबुद्धजनों ने कहा कि हमारे इतिहास के साथ छेड़छाड़ कि जा रही है, जिसे राजपूत समाज बर्दाश्त नहीं करेगा। माधो सिंह ने बताया राजपूत समाज ने भाजपा को हमेशा ही मजबूत करने का कार्य किया है। राजपूत एक ही समाज ऐसा समाज है, जिसने भारतीय जनता पार्टी को सत्ता में लाने का संकल्प पूरा किया। उसके बावजूद भारतीय जनता पार्टी के नेता और शीर्ष नेतृत्व राजपूत समाज की उपेक्षा कर रहे हैं। ये राजपूत समाज कभी बर्दाश्त नहीं करेगा और मजबूरन हमें भाजपा का बायकाट करना पड़ेगा। इधर, प्रदेश सचिव जसवंत सिंह बांदीकुई ने कहा कि राजपूत समाज के युवाओं ने भाजपा को खड़ा करने में और संघर्ष के समय में साथ देने में कोई कोर कसर बाकी नहीं छोड़ी, उसके बावजूद हमारी महिलाओं पर और हमारे समाज के इतिहास के साथ छेड़छाड़ की जा रही है, ये बर्दाश्त के बाहर है। उन्होंने कहा कि गुजरात के राजकोट में भाजपा प्रत्याशी और पूर्व केन्द्रीय मंत्री पुरुषोत्तम रुपाला ने क्षत्रिय महिलाओं पर अभद्र टिप्पणी की है। इसके विरोध में समस्त राजपूत समाज में आक्रोश व्याप्त है। जब तक भाजपा पुरुषोत्तम रुपाला का टिकट नहीं काटेगी ये विरोध नहीं रुकेगा। राजपूत समाज के प्रतिष्ठ लोगों की पगड़ी उछालना व राजपूत महिलाओं पर अभद्र टिप्पणी करना भारतीय जनता पार्टी को महंगा पड़ेगा।


---

**दुकान बंद कर रात को जा रहे थे घर**

## ट्रक की टक्कर से दो भाइयों की मौत

**बेधड़क | बाड़मेर**

जिले में एक भीषण सड़क हादसे ने दो भाइयों की जान चली गई। दोनों भाई मोटरसाइकिल पर सवार होकर दुकान से घर जा रहे थे। इसी दौरान सामने से आ रहे ट्रक ने बाइक को जोरदार टक्कर मार दी।



पुलिस ने मृतकों के परिजनों की रिपोर्ट के आधार पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। शिव पुलिस थाने के एएसआई शुभान अली ने बताया कि शनिवार रात को ट्रक और बाइकल के बीच टक्कर हुई। इससे बाइक सवार दो युवकों की मौत हो गई। मृतक के भाई की रिपोर्ट के आधार पर ट्रक चालक के खिलाफ मामला दर्ज किया गया। हादसे के बाद पुलिस ने दुर्घटनाग्रस्त वाहनों को जप्त कर थाने पहुंचाया। दोनो शव कब्जे में लेकर अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया गया है। फिलहाल पुलिस पूरे मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी है। हादसे के बाद से परिवार में कोहराम छा गया। जानकारी के अनुसार बिसुकला गांव निवासी दो सगे भाई श्रवण सिंह (23) और मनफुल सिंह (25) शिव से दुकान को बंद करके मोटरसाइकिल पर सवार होकर अपने गांव बीसूकला जा रहे थे। इसी दौरान सामने से आ रहे ट्रक ने बाइक को टक्कर मार दी। लोगों ने घायलों को शिव अस्पताल पहुंचाया, जहां पर चिकित्सकों ने दोनों भाइयों को मृत घोषित कर दिया।

---

**विधायक बैरवा सहित कई वक्ताओं ने प्रकट किए विचार**

## BJP कार्यकर्ताओं ने बाबा साहेब को किया याद

**बेधड़क | चाकसू**

कस्बे में भारतीय जनता पार्टी कार्यालय पर रविवार को यहां मनस्वी एवं भारतीय संविधान के निर्माता डॉ. भीमराव अबेडकर की 133वीं जयंती हर्षोल्लास से मनाई। इस मौके पर कार्यकर्ताओं ने बाबा साहेब के चित्र पर माल्यार्पण कर उनके कार्यों को याद करते हुए नमन किया।

स्थानीय विधायक रामावतार बैरवा, वरिष्ठ भाजपा नेता एवं पूर्व कृषि मंडी अध्यक्ष कैलाश शर्मा ने डॉ. अम्बेडकर के जीवन के साथ उनके महान कार्यों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि भाजपा उनके महान व्यक्तित्व एवं कार्यों के साथ उनकी कर्मस्थली का नवनिर्माण करते हुए ऐतिहासिक धरोहर बनाने का सतत प्रयास कर रही है। यह आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणास्रोत बने रहेंगे। उन्होंने कहा कि बाबा साहेब ने धर्म और जाति से ऊपर उठ कर प्रत्येक देशवासी को स्वाभिमान से जीने की प्रेरतणा दी और संविधान में देश के लोगों को इसके लिए अधिकार दिए। हमें इन अधिकारों के साथ ही अपने कर्तव्यों के प्रति भी जागरूक रहना चाहिए।




इस अवसर पर नगर मंडल अध्यक्ष रामधन सैनी, अंबालाल यादव, पार्षद विनोद राजोरिया, सुरेश सैनी, मांगीलाल बैरवा, विनोद शर्मा, कौशल गौतम, राघव शर्मा, गिर्राज डूंगरी, कौशल गौतम, रामबाबू गोडीवाल, गिरिराज बुसर, लालाराम जादम, महेंद्र कुमार शर्मा राडोली सहित अन्य उपस्थित कार्यकर्ताओं ने बाबा साहेब के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर नमन किया।

---

**फायर सेफ्टी के नहीं थे इंतजाम**

# हॉस्टल में लगी भीषण आग, दम घुटने व झुलसने से सात विद्यार्थी घायल

**बेधड़क | कोटा**

कोचिंग सिटी में फायर सेफ्टी के इंतजाम बिना ही सैकड़ों हॉस्टल संचालित हो रहे हैं। ऐसे ही एक हॉस्टल में रविवार को आग लग गई। शहर के कुन्हाड़ी थाना इलाके के लक्ष्मण विहार में स्थित एक हॉस्टल में शॉर्ट सर्किट से यह आग भड़की। इसके चलते पूरे हॉस्टल में धुंआ फैल गया।

हॉस्टल में रह रहे स्टूडेंट्स का दम घुटने लगा तो वे जान बचाने के लिए छत से कूद पड़े। इसके चलते छत से कूदने, दम घुटने और झुलसने से सात स्टूडेंट्स घायल हो गए। घटना की जानकारी मिलने पर जिला कलेक्टर डॉ. रविंद्र गोस्वामी, पुलिस उपाधीक्षक राजेश सोनी, कुन्हाड़ी थानाधिकारी अरविंद भारद्वाज सहित पुलिस जाप्ता भी मौके पर पहुंचा। नगर निगम की अग्निशमन अनुभाग के मुख्य अग्निशमन अधिकारी राकेश व्यास ने बताया कि नरेश धाकड़ का लक्ष्मण विहार में आदर्श रेजिडेंसी जी प्लस हॉस्टल है। इसमें सुबह करीब 6:15 बजे ग्राउंड फ्लोर में रखे ट्रांसफार्मर और इलेक्ट्रिक पैनल्स में शॉर्ट सर्किट से आग लग गई। ग्राउंड फ्लोर में ही इलेक्ट्रिक पैनल और ट्रांसफार्मर रखा हुआ है। आग लगने की जानकारी अग्निशमन अनुभाग को 6:30 बजे मिली। मुख्य अग्निशमन अधिकारी 6:45 बजे मौके पर पहुंच गए। इस बीच 4 दमकल भी पहुंच गई। इस दौरान पूरे हॉस्टल में धुआं भरा हुआ था। नीचे के फ्लोर पर आग थी, ऐसे में ऊपर के कमरों में रहने वाले स्टूडेंट्स को निकालना मुश्किल था। पहले हॉस्टल के सामने की तरफ से दमकल की लैडर का उपयोग करते हुए बच्चों को निकाला गया, बाद में दमकल ने करीब 7:45 बजे पूरी आग पर काबू पा लिया।





### सात घायल स्टूडेंटस को भेजा अस्पताल

राकेश व्यास ने कहा कि 7 बच्चों को अस्पताल भेजा गया। सभी सात विद्यार्थी ऊपर से कूदने, झुलसने और धुंए से दम घुटने से जखमी हुए हैं। शेष बच्चों को नजदीक के पार्क में एकत्रित करते हुए उनकी गणना की गई। राकेश व्यास का कहना है कि हॉस्टल के पास किसी तरह की कोई फायर एनओसी नहीं है। हॉस्टल को पहले दो नोटिस भी दे दिए गए थे। इस संबंध में रिपोर्ट उच्च अधिकारियों को भी दी जाएगी। उन्होंने बताया कि घटना के समय अधिकांश बच्चे सो रहे थे, लेकिन एक-दूसरे का कोलाहल सुनकर जाग गए। हॉस्टल में 61 कमरों में 60 से ज्यादा बच्चे रह रहे थे, जिनमें डर का माहौल पैदा हो गया। कुछ बच्चों ने आग को बढ़ता देख ऊपर से ही कूद कर जान बचाना उचित समझा। इसके चलते एक बच्चा चोटिल हो गया। हालांकि गनीमत रही की कोई जनहानि नहीं हुई। हालांकि बाद में दमकल मौके पर पहुंची और पहले इन बच्चों को लैडर (सीढ़ियों) के सहारे से नीचे उतारा गया। बाद में आग बुझाने का काम शुरू किया गया।

### दूर तक दिखा धुआं, ट्रांसफार्मर में विस्फोट

घटनास्थल के आस-पास रहने वाले प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक आग काफी दूर से ही नजर आ रही थी। घटना के दौरान बाहर मौजूद प्रत्यक्षदर्शी देवेंद्र वैष्णव का कहना है कि हॉस्टल में ऊपर रहने वाले बच्चे भी काफी परेशान हो रहे थे। अंदर से लगातार वह कूदने की कोशिश कर रहे थे। इस दौरान तीसरी और चौथे फ्लोर से कुछ बच्चे नीचे कूदे, जो चोटिल हुए थे। हॉस्टल में रह रहे बच्चे आयुष का कहना है कि पहले शॉर्ट सर्किट हुआ और फिर बाद में ट्रांसफार्मर में आग लग गई। हॉस्टल में रखे हुए इस ट्रांसफार्मर में विस्फोट भी हुआ। यह आग लगातार बढ़ रही थी।

### आग लगी तब सो रहे थे अधिकांश लोग

हॉस्टल में रुके हुए बिहार निवासी पेरेंट्स अजीत कुमार का कहना है कि घटना सुबह जब हुई थी, तब अधिकांश लोग हॉस्टल में सो रहे थे। जब एकाएक शोरगुल हुआ, तब सब जागे व अफरा-तफरी मच गई। नीचे कूद रहे बच्चों को हमने काफी समझा कर रोका, लेकिन वह नहीं माने। स्थानीय लोगों ने उनकी काफी मदद की। बाद में जब दमकल की टीम मौके पर पहुंची, तब उन्होंने राहत की सांस ली।

## डॉ. अंबेडकर अध्ययन केंद्र के तत्वावधान में राजस्थान विश्वविद्यालय में सेमिनार... शहर में कई आयोजन




# अंबेडकर जीवन जीने का नजरिया... उनका संविधान के शिल्प में अप्रतिम योगदान

**बेधड़क | जयपुर**

डॉ अंबेडकर अध्ययन केंद्र, राजस्थान विश्वविद्यालय मे आयोजित सेमिनार "डॉ अंबेडकर समतावादी वैश्विक व्यवस्था के अग्रदूत" का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम के स्वागत परिचय संगोष्ठी की समन्वयक व अंबेडकर अध्ययन केंद्र की निदेशक ने सेमिनार की प्रारंभिक जानकारी दी। सेमिनार के उद्घाटन सत्र के मुख्य अतिथि प्रोफेसर जेपी शर्मा पूर्व कुलपति मोहन लाल सुखाड़िया विश्वविद्यालय ने बताया कि वर्तमान जीवन में सामाजिक सामंजस्य स्थापित करने में भीमराव अंबेडकर का अभिन्न योगदान है और युवा पीढ़ियों के लिए बाबा साहब सदैव प्रेरणा स्रोत है। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता प्रोफेसर संजय भारद्वाज, सेंटर फॉर साउथ एशियन स्टडीज स्कूल ऑफ इंटरनेशनल स्टडीज, जवाहर लाल नेहरू विश्वविद्यालय, दिल्ली ने अंबेडकर के व्यक्तित्व की प्रासंगिकता के संदर्भ में वर्तमान समसामयिकता के विषय पर ध्यान केन्द्रित किया और बताया कि भीमराव अंबेडकर जीवन जीने का नजरिया है और सामाजिक आर्थिक राजनैतिक अभ्युत्थान मे समावेशी प्रयास ही सार्थक है।



**राविवि की कुलपति प्रोफेसर अल्पना कटेजा का सम्मान**

प्रोफेसर रूप सिंह बारहठ पूर्व कुलपति महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय ने कहा कि संविधान के शिल्पकार के रूप में भीमराव अंबेडकर का योगदान अप्रतिम है। इसी क्रम में प्रोफेसर अशोक चतुर्वेदी आयुक्तालय ने अंबेडकर के व्यक्तित्व और कृतित्व पर एवं डॉ. अखिल शुक्ला आजीवन सीनेट सदस्य ने संविधान शिल्पकार के रूप में अंबेडकर का योगदान बताया। राजस्थान विश्वविद्यालय की कुलपति प्रोफेसर अल्पना कटेजा ने कहा कि वर्तमान जीवन में भीमराव अंबेडकर के जीवन के अनुसरण की आवश्यकता है। प्रथम सत्र में धन्यवाद डॉ. शालिनी चतुर्वेदी ने देते हुए भीमराव अंबेडकर के व्यक्तित्व के समावेशी दिग्दर्शन पर प्रकाश डाला। इसी तरह द्वितीय एवं तृतीय सत्र में भीमराव अंबेडकर के व्यक्तित्व और कृतित्व को केंद्रित रखा, जिसके मुख्य वक्ता प्रोफेसर इनाक्षी चतुर्वेदी ने आह्वान किया कि इक्कीसवीं सदी के भारत के अभ्युत्थान मे भीमराव अंबेडकर का योगदान मील के पत्थर की तरह है। अतिथि भाषण प्रोफेसर अरविन्द विक्रम सिंह सिंडिकेट सदस्य, प्रोफेसर श्याम मोहन अग्रवाल राजनीति विज्ञान विभाग के अध्यक्ष, डॉ कमलेश इग्नू, डॉ गिरीश शास्त्री दिल्ली यूनिवर्सिटी ने शिरकत की। झुंझुनूं के अलसीसर महारानी कालेज से डॉ. भावना शर्मा ने भी सत्र का संचालन किया। चतुर्थ सत्र में प्रोफेसर जनक सिंह मीणा केंद्रीय विश्वविद्यालय गुजरात, नुरयंती, निदेशक रीसर्च सेंटर इंडोनेशिया, प्रो राजीव सिंह केंद्रीय विश्वविद्यालय हरियाणा, कर्नाटक से डॉ. स्वर्ण रेखा, श्री लंका के कोलंबो विश्वविद्यालय से गुरुदेव महेंद्रा शामिल हुए। धन्यवाद भाषण डॉ. पालू जोशी ने दिया।

### बार एसोसिएशन ने मनाई अंबेडकर जयंती

दी बार एसोसिएशन सांगानेर की ओर से भीमराव अंबेडकर जयंती उनके सिद्धांतों के अनुसरण की शपथ के साथ हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। बार अधिवक्ताओं एवम बेंच अधिकारियों ने बाबा की जयंती पर उनके जीवन से जुड़े प्रेरक प्रसंग बताए तथा उनके सिद्धांतों की प्रासंगिकता पर विचार रखे। बार के अध्यक्ष हंसराज भहरवाल ने बताया कि समारोह के मुख्य अतिथि एडीजे विशाल भार्गव ने द्वीप प्रज्वलन के साथ जयंती समारोह की शुरुआत की। भार्गव ने संबोधित करते हुए बाबा साहब की शिक्षा जीवन में अपनाने को कहा, साथ ही नए अधिवक्ताओं को अधिक से अधिक जजमेंट पढ़ने की सलाह दी ताकि त्वरित न्याय हो सके। बार के महासचिव भागीरथ सिंह चौहान ने सभी अतिथियों एवम अधिवक्ताओं को धन्यवाद ज्ञापित किया। समारोह में एसीएमएम प्रदीप कुमार कुमावत, संजीव कुमार प्रजापत, हिमानी चतुर्वेदी,एम एम कामाक्षी मीना, सौम्या कुमार , सयोजक गुलाब पचेरवाल सह संयोजक राजकिशोर धानका आदि उपस्थित रहे।



### "घूमो जयपुर" अभियान के सदस्यों पहुंचे राजभवन मुलाकात... गवर्नर कलराज मिश्र ने कहा...

## 'संविधान के प्रदत्त अधिकारों के साथ कर्तव्य पालन भी हो'

बाबा साहेब अंबेडकर जयंती पर राज्यपाल कलराज मिश्र से रविवार को राजभवन में "घूमो जयपुर" अभियान के सदस्यों ने मेयर डॉ. सौम्या गुर्जर के साथ मुलाकात की। संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती की स्मृति में अभियान से जुड़े सदस्यों ने इससे पहले राजभवन स्थित संविधान उद्यान का भ्रमण किया। उन्होंने राज्यपाल मिश्र की पहल पर बनाए गए संविधान उद्यान और संविधान संस्कृति से संबंधित वृतचित्र भी देखा।

राज्यपाल ने इस दौरान कहा कि संविधान निर्माता डॉ. अंबेडकर ने जो संविधान हमें सौंपा वह अधिकारों के साथ कर्तव्य पालन के संतुलन की सीख देता है। उन्होंने संविधान से जुड़ी संस्कृति की चर्चा करते हुए बाबा साहेब अंबेडकर द्वारा संविधान निर्माण के साथ कमजोर और पिछड़े वर्ग के कल्याण के लिए किए कार्यों का स्मरण करते हुए उनसे प्रेरणा लेने का आह्वान किया।

### डॉ. अंबेडकर जयंती पर 3 कैटगरी में मैराथन

डॉ. अंबेडकर मेमोरियल वेलफेयर सोसाइटी की ओर से भारत रत्न डॉ.बी.आर. अंबेडकर की 133वीं पर राज्य स्तरीय जयंती, सांस्कृतिक समारोह और अंबेडकर मैराथन का रविवार को सोसाइटी प्रांगण से आयोजन किया गया। दौड 3 कैटेगरी में हुई। समारोह में मुख्य अतिथि मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा रहे और अध्यक्षता उप मुख्यमंत्री डॉ. प्रेम चंद बैरवा ने की। समारोह में सोसाइटी के अध्यक्ष डॉ. रवि प्रकाश मेहरड़ा और महासचिव जीएल वर्मा ने बताया कि समाज कल्याण मंत्री अविनाश गहलोत, राज्य मंत्री डॉ. मंजू बाघमार, पूर्व राज्यसभा सांसद रामकुमार वर्मा, विधायक निवाई पीपलू राम सहाय वर्मा, सोसाइटी के पूर्व अध्यक्ष रिटायर्ड आईएएस हनुमान प्रसाद, रिटायर्ड आईआरएस पीसी हाड़िया से, रिटायर्ड आईएएस डॉ. बीएल जाटावत, रिटायर्ड अतिरिक्त आयुक्त परिवहन डॉ. भजन लाल रोलन का सोसाइटी की ओर से बुके, साफा, शॉल, मोमेंटो व संविधान की उद्देशिका देकर सम्मान किया गया।

---

## Yuva स्टोरीज

### मालवीय कॉन्वेंट स्कूल: ग्रेजुएशन सेरेमनी में खिले बच्चों के चेहरे



**बेधड़क | जयपुर**

मालवीय कान्वेंट स्कूल के कक्षा पांच के विद्यार्थियों के लिए 13 अप्रैल को स्कूल परिसर में ग्रेजुएशन समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों को प्राथमिक स्तर से मिडिल स्कूल स्तर पर पदोन्नति के लिए अर्हता प्राप्त करने पर प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। यह इन विद्यार्थियों के जीवन का एक महत्वपूर्ण दिन था और वे सम्मानित महसूस करते हुए बहुत उत्साह में थे। प्राथमिक कक्षाओं के समन्वयक और कक्षा अध्यापकों ने विद्यार्थियों को उनकी उपलब्धियों के लिए सम्मानित किया। निदेशक महोदय और प्रिंसिपल ने प्रत्येक छात्र को प्रमाण पत्र प्रदान किए। निदेशक डॉ. सनी कपूर ने छात्रों से कहा कि वे कड़ी मेहनत करते रहें, अच्छे बनें और अपने शिक्षकों का बहुत सम्मान करें। उन्होंने छात्रों को अपने लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए ईमानदारी से और लगन से आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया।

### नेट इन आर्किटेक्चर के एडमिट कार्ड जारी

**नई दिल्ली/जयपुर।** काउंसिल ऑफ आर्किटेक्चर (सीओए) ने नेशनल एप्टीट्यूड टेस्ट इन आर्किटेक्चर 2024 (नाटा 2024) एडमिट कार्ड जारी कर दिया है। नाटा प्रवेश परीक्षा में शामिल होने वाले कैंडिडेट ऑफिशियल वेबसाइट nata.in पर जाकर एडमिट कार्ड देख सकते हैं। नाटा 2024 हाल टिकट डाउनलोड करने के लिए कैंडिडेट को लॉगिन विवरण जैसे आवेदन संख्या और पासवर्ड की आवश्यकता होगी। नाटा एंट्रेंस एग्जाम (नेशनल एप्टीट्यूड टेस्ट इन आर्किटेक्चर) के माध्यम से 142 टॉप कॉलेजों के आर्किटेक्चर कोर्स में छात्रों को प्रवेश दिया जाएगा। नाटा एग्जाम 3 घंटे के लिए आयोजित की जाएगी।

## चार्टर्ड अकाउंटेंट्स फाउंडेशन का कल प्रबुद्धजन सम्मेलन, वित्त मंत्री आएंगी



**बेधड़क | जयपुर**

राजस्थान चार्टर्ड आउंटेंट्स फाउंडेशन द्वारा प्रबुद्धजन सम्मेलन का आयोजन सोमवार को बिड़ला ओडिटोरियम में किया जा रहा है।

राजस्थान चार्टर्ड आउंटेन्ट्स फाउंडेशन के टस्ट्री सीए प्रकाश शर्मा ने बताया कि यह कार्यक्रम पेशेवरों को एक मंच प्रदान करेगा, जहां वे अपने विचारों और समस्याओं को साझा कर सकेंगे और केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण पेशेवरों के साथ संवाद करेंगी और पेशेवरों की समस्याओं को समझेगी साथ ही इस कार्यक्रम में वह पिछले 10 वर्षों में भारत की प्रगति और आर्थिक अर्थव्यवस्था पर चर्चा करेगी।

**ये करेंगे शिरकत-**

इस सम्मेलन में दी इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेन्ट्स ऑफ इंडिया, दी इंस्टीट्यूट कम्पनी सेक्रेटरी ऑफ इंडिया, दी इंस्टीट्यूट कोस्ट अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया फेडरेशन ऑफ राजस्थान ट्रैड एंड इंडस्ट्री, टेक्स कंसलटेन्ट्स, इनकम टैक्स डिपार्टमेन्ट, जयपुर सिटीजन फोरम, यूथ विंग ऑफ सीआईआई और टीआईई राजस्थान के सदस्य भाग लेंगे।

### नेशनल लेवल वर्कशॉप में दिए मैनेजमेंट और सेल्फ कॉन्फिडेंस बिल्ड अप की



**बेधड़क | जयपुर**

अंबाबाड़ी स्थित महर्षि अरविंद इंस्टीट्यूट ऑफ साइंस एंड मैनेजमेंट के कॉमर्स एंड मैनेजमेंट डिपार्टमेंट की ओर से दो दिवसीय नेशनल लेवल वर्कशॉप "टेकनेक्स-2024" का समापन रविवार को हुआ।

आईआईटी वाराणसी के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित इस कार्यक्रम की मुख्य थीम "क्रैक द इंटरव्यू" थी। कार्यक्रम की शुरुआत संस्था के निदेशक डॉ. भारत पाराशर ने द्वीप प्रज्वलन के साथ की। उन्होंने स्टूडेंट्स को मैनेजमेंट और सेल्फ कॉन्फिडेंस बिल्ड अप के बारे में बताया। कार्यक्रम में कॉर्पोरेट ट्रेनर डॉ. वंदना शर्मा ने मुख्य वक्ता के रूप में स्टूडेंट्स को संबोधित किया। उन्होंने इंटरव्यू से संबंधित स्किल्स को डेवलप करने, नॉलेज बढ़ाने समेत अन्य मुद्दों पर स्टूडेंट्स को टिप्स दिया। आयोजन के अंत में सभी वक्ताओं को सम्मानित किया गया।

**राष्ट्रीय सेमिनार** | 'स्वास्थ्य और सामाजिक जागरूकता कार्यक्रम' पर हुई चर्चा

## दिनचर्या, व्यायाम एवं आहार-विहार का जीवन में अत्यधिक महत्व

### 198 प्रतिभागी हुए उत्साह से शामिल

**बेधड़क | जयपुर**

वाटिका स्थित पोद्दार मैनेजमेंट ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट (बी.एड. कालेज) में "स्वास्थ्य और सामाजिक जागरूकता कार्यक्रम" विषय पर एक दिवसीय सेमिनार का आयोजन किया गया, जिसके प्रमुख वक्ता डॉ. नरेंद्र कुमार शर्मा सीनियर मेडिकल आफिसर, प्राकृतिक चिकित्सालय, वाटिका जयपुर थे। संस्था के प्राचार्य डॉक्टर हर्ष कुमार द्वारा मुख्य वक्ता का प्लांट पॉट से स्वागत किया गया। सेमिनार में कुल 198 प्रतिभागी शामिल हुए। सेमिनार हाईब्रिड मोड पर आयोजित की गई।



### दी महत्वपूर्ण जानकारी

डॉ. शर्मा ने बताया कि विद्यार्थी जीवन में नियमित दिनचर्या, व्यायाम एवं आहार-विहार का बड़ा ही महत्व है। हमें सोशल मीडिया के स्थान पर सोशल अवेयरनेस को महत्व देना चाहिए। सेमिनार के अन्त में संस्था के चेयरमैन डॉ.आनन्द पोद्दार द्वारा डॉ.शर्मा को धन्यवाद ज्ञापित किया गया तथा विद्यार्थियों को नियमित एवं अनुशासित रहने को प्रेरित किया गया। सेमिनार का सफल आयोजन कन्वीनर डॉ. प्रीति शर्मा एवं को-कन्वीनर डॉ.गरिमा, डॉ.कविता, डॉ. रुक्मणी, जसवंत सिंह व अन्य सदस्यों द्वारा किया गया।



# सहस्रार चक्र ब्रह्म रंध्र तक पहुंचने का मार्ग



अशोक 'प्रवृद्ध'
स्वतंत्र टिप्पणीकार

नवरात्र के सातवें दिन भगवती दुर्गा के सप्तम स्वरूप कालरात्रि की पूजार्चना का विधान है। इस वर्ष 2024 में वासन्तीय नवरात्र का सातवां दिन 15 अप्रैल दिन सोमवार को पड़ने के कारण इस दिन देवी कालरात्रि की पूजा की जाएगी। कृष्णवर्णा कालरात्रि को देवी पार्वती के समतुल्य माना गया है। कालरात्रि शब्द दो शब्दों के मेल से बना है- काल और रात्रि। जिसमें काल का अर्थ है- मृत्यु, यह अज्ञानता को नष्ट करने का द्योतक है। और रात्रि अर्थात रात, यह माता का रात के अंधेरे के समान गहरे रंग का प्रतीक है। इस प्रकार देवी के नाम का शाब्दिक अर्थ अंधेरे को ख़त्म करने वाली है। कालरात्रि का रूप एक करूणामयी माता का अपनी सन्तान की सुरक्षा के लिए आवश्यकता होने पर अत्यंत हिंसक और उग्र स्वरूप धारण करने का है। अपने उग्र व हिंसक रूप में कालरात्रि के रूप में जानी जाने वाली माता दुर्गा का यह रूप महाकाली की ही एक अभिव्यक्ति है। एक तरफ माता का यह रूप बुरी शक्तियों के प्रति अत्यंत ही उग्र और हिंसक है, वही दूसरी ओर माता अपने भक्तों के प्रति अत्यंत करूणामयी, कोमल और को शांत है। माता इस रूप में अपने भक्तों को बुरी पाशविक शक्तियों का सामना करने का साहस और उनका नाश करने की शक्ति प्रदान करती है। पौराणिक मान्यतानुसार भगवती का सप्तम स्वरूप कालरात्रि माता का अति भयावह व उग्र रूप है, जिनकी उत्पत्ति पापियों का नाश करने के उद्देश्य से हुई थी। सम्पूर्ण सृष्टि में इस रूप से अधिक भयावह और कोई दूसरा रूप नहीं होने के बाद भी माता का यह रूप मातृत्व को समर्पित है। उनकी पूजा -उपासना की जाती है। माता का यह रूप ज्ञान और वैराग्य प्रदान करने वाला है। कालरात्रि का स्वरूप देखने में अत्यंत भयानक होने के बावजूद वे सदैव ही शुभ फल देने वाली मानी जाती हैं। इसलिए इन्हें शुभंकरी भी कहा जाता है। नवरात्र के सप्तमी को माता कालरात्रि की पूजा के दिन साधक भक्त का मन सहस्त्रार चक्र में स्थित रहता है। उसके लिए ब्रह्मांड की समस्त सिद्धियों के द्वार खुलने लगते हैं। इस चक्र में स्थित साधक का मन पूर्णतः माता कालरात्रि के स्वरूप में अवस्थित रहता है। माता कालरात्रि दुष्टों का विनाश और ग्रह, बाधाओं को दूर करने वाली हैं। जिससे साधक भयमुक्त हो जाता है। और उसे अक्षय पुण्य लोक की प्राप्ति होती है। देवी कालरात्रि जहाँ एक ओर पापियों का नाश करने वाली तो दूसरी ओर भक्तों को अभय देने वाली हैं।

> **सप्तम देवी कालरात्रि पर विशेष**
> *सहस्रार चक्र के जाग्रत होने का अर्थ है- दैवी चमत्कार और सर्वोच्च चेतना का दर्शन प्राप्त होना। सूर्योदय के साथ ही रात्रि के ओझल हो जाने की भांति ही सहस्रार चक्र के जागरण से अज्ञान धूमिल (नष्ट) हो जाता है। इस चक्र के देवता विशुद्ध, सर्वोच्च चेतना के रूप में भगवान शिव है।*

उल्लेखनीय है कि तांत्रिक व योग ग्रंथों के अनुसार सहस्रार चक्र तंत्र और योग साधना की चक्र संकल्पना का सातवां चक्र माना जाता है। सहस्रार चक्र सिर के शिखर पर अर्थात मानव खोपड़ी के उपरी भाग में स्थित होता है, जहां ललाट, पार्श्विका, लौकिक ये तीनों अस्थियाँ एक दूसरे को काटती है। सहस्रार को शुद्ध चेतना का चक्र माना जाता है। सहस्रार अर्थात हजार, अनंत, असंख्य। सहस्रार चक्र को मुकुट केंद्र भी कहते हैं। सहस्रार चक्र भिन्न-भिन्न रंग वाली सहस्र पंखुड़ियों वाले कमल के समान है। इस चक्र के सूर्य की भांति प्रकाश का विकिरण करने के कारण इसे हजार पंखुडिय़ों वाले कमल, ब्रह्म रंध्र अर्थात ईश्वर का द्वार अथवा लक्ष किरणों का केंद्र भी कहा जाता है। अन्य कोई प्रकाश सूर्य की चमक के निकट नहीं पहुंच सकने की भांति ही सहस्रार चक्र के विकिरण में अन्य सभी चक्रों की ऊर्जा और विकिरण धूमिल हो जाते हैं। सहस्रार चक्र में हजारों पंखुडिय़ों वाले कमल का खिलना संपूर्ण विस्तृत चेतना का प्रतीक है। सहस्रार चक्र में एक विशेष प्रकार की शक्ति- मेघा शक्ति पाई जाती है। मेधा शक्ति एक हार्मोन है, जो मस्तिष्क की प्रक्रियाओं जैसे स्मरण शक्ति, एकाग्रता और बुद्धि को प्रभावित करता है। योग अभ्यासों से मेधा शक्ति को सक्रिय और मजबूत किया जा सकता है। सहस्रार चक्र का कोई विशेष रंग या गुण नहीं है। यह विशुद्ध प्रकाश है, जिसमें सभी रंग हैं। हजारों नदियों का पानी सागर में गिरकर एक हो जाने की भांति सभी नाडिय़ों की ऊर्जा इस केंद्र में एक हो जाती है। एक अन्य तंत्रिकीय मत के अनुसार सहस्रार बैंगनी रंग का प्रतिनिधित्व करती है, और यह आतंरिक बुद्धि और दैहिक मृत्यु से जुड़ी होती है। सहस्रार का आतंरिक स्वरूप कर्म के निर्मोचन से, दैहिक क्रिया ध्यान से, मानसिक क्रिया सार्वभौमिक चेतना और एकता से और भावनात्मक क्रिया अस्तित्व से जुड़ा होता है। सहस्रार-चक्र को जाग्रत करने के लिए ॐ मंत्र का जाप करते हुए ध्यान लगाकर मूलाधार से होते हुए ही सहस्रार तक पहुंचा जा सकता है। लगातार ध्यान करते रहने से यह चक्र जाग्रत हो जाता है, और व्यक्ति परमहंस के पद को प्राप्त कर लेता है। व्यक्ति का सहस्रार-चक्र जाग्रत हो जाने पर वह व्यक्ति मोक्ष द्वार पर पहुंच जाता है। शरीर संरचना में इस स्थान पर अनेक महत्वपूर्ण विद्युतीय और जैवीय विद्युतीय ऊर्जा का संग्रह है। यह चक्र योग के उद्देश्य का प्रतिनिधित्व करता है- आत्म अनुभूति और ईश्वर की अनुभूति, जहां व्यक्ति की आत्मा ब्रह्मांड की चेतना से जुड़ जाती है। व्यक्ति अपने सभी कर्मों से मुक्त होकर मोक्ष पद को प्राप्त कर लेता है, अर्थात पुनर्जन्म और मृत्यु के चक्र से पूर्णतः स्वतंत्र हो जाता है। ध्यान में योगी के निर्विकल्प समाधि अर्थात समाधि का उच्चतम स्तर सहस्रार चक्र पर पहुंचने पर उसका मन पूर्णतः निश्चल हो जाता है और ज्ञान, ज्ञाता और ज्ञेय एक में ही समाविष्ट होकर पूर्णता को प्राप्त कर लेते हैं।

**(यह लेखक के निजी विचार हैं)**

---

गीतकार हसरत जयपुरी की जयंती पर विशेष...

# तुम मुझे यूं भुला ना पाओगे...



ज़ाहिद ख़ान
स्वतंत्र टिप्पणीकार

> *साल 1966 में फ़िल्म 'सूरज' के गीत 'बहारों फूल बरसाओ मेरा महबूब आया है' और साल 1971 में फ़िल्म 'अंदाज़' के 'ज़िंदगी एक सफर है सुहाना..' गीत के लिए हसरत जयपुरी को सर्वश्रेष्ठ गीतकार का 'फ़िल्मफ़ेयर' अवॉर्ड मिला। इन दोनों ही गीत को आए हुए, एक लंबा अरसा बीत गया, लेकिन इनकी लोकप्रियता कम नहीं हुई है। जिसमें 'बहारों फूल बरसाओ मेरा महबूब आया है' जब तक किसी शादी में न बजे, वह शादी पूरी नहीं होती है।*

दोस्तो, आज भी जब हम रेडियो को ट्यून करते हैं, तो इसमें सबसे ज़्यादा जिन गीतकारों का नाम गूंजता है, उनमें हसरत जयपुरी का नाम पहले पायदान पर रहता है। उनका नाम सुनते ही ज़ुबां पर, वह गीत चला आता है और हम भी सिंगर के साथ ख़ुद-ब-ख़ुद गुनगुनाने लगते हैं। हसरत जयपुरी ने अपने पांच दशक के फ़िल्मी करियर में 350 फ़िल्मों के लिए कोई दो हज़ार गीत लिखे। सभी गीत एक से बढ़कर एक, दिल को छू लेने वाले। आज भी उनके नग़मों का कोई मुक़ाबला नहीं। ख़ास तौर से निर्माता-निर्देशक राजकपूर और मौसिक़ार शंकर जयकिशन के लिए उन्होंने लाजवाब गीत लिखे। राजस्थान के जयपुर में 15 अप्रैल, 1922 को पैदा हुए हसरत जयपुरी का असल नाम इक़बाल हुसैन था। उनके नाना फ़िदा हुसैन 'फ़िदा' मशहूर शायर थे। उन्हीं से हसरत के अंदर शायरी की ओर रुझान बढ़ा। शुरुआती तालीम के बाद इक़बाल हुसैन ने अपने नाना से ही उर्दू और फ़ारसी की तालीम हासिल की। सत्रह साल की उम्र आते-आते वे भी शे'र-ओ-शायरी करने लगे। इस बाली उम्र में उन्होंने जो अपना पहला शे'र लिखा, 'किस अदा से वह जान लेते हैं/मरने वाले भी मान लेते हैं।' इस शे'र ने ही जैसे उनके मुस्तक़बिल की कहानी लिख दी थी।

इक़बाल हुसैन, शायर मौलाना हसरत मोहानी से बेहद मुतास्सिर थे। लिहाज़ा उन्होंने अपना तख़ल्लुस भी 'हसरत' रख लिया। जब वे नौजवान ही थे कि एक मुशायरे के सिलसिले में मौलाना हसरत मोहानी का जयपुर में आना हुआ। इस मुशायरे में नौजवान इक़बाल हुसैन ने न सिर्फ़ शिरक़त की, बल्कि उन्हें अपने महबूब शायर हसरत मोहानी से मुलाकात का मौक़ा भी मिला। हसरत मोहानी उनसे मुहब्बत और ख़ुलूस से मिले और उन्होंने इक़बाल हुसैन को सलाह दी कि उनका तख़ल्लुस तो 'हसरत' ठीक है, मगर वे इस नाम के आगे जयपुरी और जोड़ लें। उन्हें मोहानी की राय जच गई और इस तरह वे इक़बाल हुसैन से हसरत जयपुरी हो गए। लड़कपन में हसरत जयपुरी को पड़ोस में रहने वाली एक लड़की से मुहब्बत थी। लेकिन यह एक तरफ़ा मुहब्बत परवान नहीं चढ़ सकी।



वजह, अपनी माशूक़ा से मुहब्बत का इज़हार नहीं कर पाना। हसरत जयपुरी का इश्क़ भले ही परवान नहीं चढ़ा, लेकिन उसका असर आगे चलकर उनकी शायरी में हुआ। हसरत जयपुरी की शायरी में प्यार-मुहब्बत, मिलन-जुदाई के जो बार-बार अक्स आते हैं, उसमें उनकी लड़कपन की मुहब्बत का बड़ा रोल है। अपने इंटरव्यू में उन्होंने इस बात को बार-बार दोहराया है,'शे'रो शायरी की तालीम मैंने अपने नानाजान से हासिल की, लेकिन इश्क़ का सबक़ राधा ने सिखाया।' हसरत जयपुरी ने इश्क़ का जो सबक सीखा, उसे अपने गानों के मार्फ़त आगे तक पहुंचाया। उनके ज़्यादातर गीत इश्क़-मुहब्बत का ही सबक़ हैं।

साल 1940 में ग़म-ए-रोज़गार हसरत जयपुरी को जयपुर से मायानगरी मुंबई खींच ले गया। मुंबई में उन्होंने आठ साल तक बस कंडक्टरी की। कंडक्टरी के साथ-साथ वे शायरी भी करते रहे। जो मुशायरे होते, उसमें शिरकत करते। प्यार में नाकामी, ज़िंदगी की ज़द्दोजहद ने उनकी शायरी को और निखारा। मुशायरों में आहिस्ता-आहिस्ता उनकी मक़बूलियत बढ़ने लगी। ऐसे ही एक मुशायरे में अज़ीम थियेटर अदाकार पृथ्वीराज कपूर ने हसरत जयपुरी को सुना। उनकी जज़्बाती नज़्म 'मज़दूर की लाश' पृथ्वीराज कपूर को बेहद पंसद आई। यह नज़्म हसरत जयपुरी ने फ़ुटपाथ पर उनके साथ रात बिताने वाले अपने एक दोस्त की मौत पर लिखी थी। राजकपूर उस वक़्त फ़िल्म 'बरसात' बनाने की तैयारी में लगे हुए थे। फ़िल्म के संगीत के लिए उन्होंने शंकर जयकिशन और गीतकार के तौर पर शैलेन्द्र को चुन लिया था। फ़िल्म के लिए उन्हें एक और गीतकार की तलाश थी। पृथ्वीराज कपूर ने राजकपूर को मशविरा दिया कि वे एक बार हसरत जयपुरी को ज़रूर सुन लें। अपने वालिद की सलाह पर राजकपूर ने हसरत जयपुरी के साथ एक मीटिंग की। जिसमें फ़िल्म के संगीतकार शंकर जयकिशन भी शामिल थे। शंकर जयकिशन ने हसरत जयपुरी को लोकगीत पर आधारित एक धुन सुनाई और इस पर गीत लिखने को कहा। उन्होंने धुन पर तुरंत ही शंकर जयकिशन को यह लाइन 'जिया बेकरार है, छाई बहार है, आजा मोरे बालमा तेरा इंतज़ार है..' सुनाई। जो उन्हें और फ़िल्म निर्देशक राजकपूर दोनों को बहुत पसंद आई।

साल 1949 में रिलीज़ हुई फ़िल्म 'बरसात' के सारे गाने ही सुपर हिट साबित हुए। हसरत जयपुरी के लिखे गाने 'जिया बेकरार है, छाई बहार है..', 'छोड़ गए बालम..' भी ख़ूब पसंद किए गए। फ़िल्म 'बरसात' के गीतों से हसरत जयपुरी की कामयाबी का जो सिलसिला शुरू हुआ, तो वह 'आवारा' (1951), 'श्री 420' (1955), 'चोरी चोरी' (1956), 'अनाड़ी' (1959), 'जिस देश में गंगा बहती है' (1960), 'संगम' (1964), 'तीसरी कसम' (1966), 'दीवाना' (1967), 'अराउंड द वर्ल्ड' (1967), 'मेरा नाम जोकर' (1970), 'कल आज और कल' (1971) तक चला। इस दौरान राज कपूर, शंकर जयकिशन और हसरत जयपुरी की तिकड़ी ने शानदार गीत रचे और फ़िल्मी दुनिया को अपने समधुर गीत-संगीत से समृद्ध किया। राजकपूर के अलावा उनके भाई शम्मी कपूर के लिए भी हसरत जयपुरी ने अनेक गीत लिखे। शम्मी कपूर की 'प्रोफ़ेसर', 'जंगली', 'राजकुमार', 'ब्रह्मचारी', 'पगला कहीं का','अंदाज़', 'एन इवनिंग इन पेरिस', 'प्रिंस' आदि फ़िल्मों की कामयाबी के पीछे हसरत जयपुरी के प्यार-मुहब्बत, शरारत और चुहल भरे गीतों का बड़ा योगदान है। राजकपूर की फ़िल्मों के गीत सुनो, फिर शम्मी कपूर की इन फ़िल्मों के गीतों को सुनो, दोनों में ही ज़मीन-आसमान का फ़र्क नज़र आता है। एक ही मौसिक़ार और एक ही नग़मा निगार, लेकिन अंदाज़ बिल्कुल जुदा-जुदा। फ़िल्मों में शम्मी कपूर की जो इमेज थी, उसी इमेज के मुताबिक़ हसरत जयपुरी ने गीतों को लिखा। जो लोगों को बेहद पसंद आए। 'आवाज़ दे के हमें तुम बुलाओ...' (फ़िल्म प्रोफ़ेसर), 'एहसान होगा तेरा...'(फ़िल्म जंगली), 'मेरी मुहब्बत जवां रहेगी..' (फ़िल्म जानवर), 'बदन पे सितारे लपेटे हुए..' (फ़िल्म प्रिंस), 'तू बेमिसाल है, तेरी तारीफ़ क्या करूं...', 'आज कल तेरे मेरे प्यार के चर्चे..' (फ़िल्म ब्रह्मचारी), 'तुमने किसी की जान को..', 'इस रंग बदलती दुनिया में..'(फ़िल्म राजकुमार), 'तुम मुझे यूं भुला न पाओगे..' (फ़िल्म पगला कहीं का) आदि एक लंबी फेहरिस्त है, इन गानों की। इन्हीं गानों के चलते ग़र हम हसरत जयपुरी को रूमानी गीतों का राजकुमार कहें, तो ग़लत नहीं होगा। हसरत जयपुरी ने सिर्फ़ रूमानी नगमें ही नहीं लिखे, वे अलग-अलग मूड और नेचर के गाने लिखने में भी बड़े माहिर थे। फ़िल्मों में जिस तरह की सिचुएशन होती, वे पल भर में उस तरह का गीत रच देते। 'तीतर के दो आगे तीतर, तीतर के दो पीछे तीतर...', 'ईचक दाना बीचक दाना दाने ऊपर दाना...' जैसे गाने हसरत जयपुरी के हरफ़नमौला फ़न के ही शानदार नमूने हैं। हसरत जयपुरी के गीतों की ऑल इंडिया मक़बूलियत का राज, उनकी सादा ज़बान है। जो आम जन को भी आसानी से समझ में आती है। उन्होंने जहां इश्क़-मुहब्बत में डूबे बेहद रूमानी गीत 'ये मेरा प्रेम-पत्र पढ़कर तुम...' (फ़िल्म-संगम), 'चले जाना जरा ठहरो..' (अराऊंड दि वर्ल्ड) लिखे, तो वहीं महबूब की जुदाई और ग़म में डूबे हुए जज़्बात को उसी शिद्दत से लफ़्ज़ों में पिरोया। यक़ीन न हो, तो उनके कुछ इस तरह के नग़मों पर नज़र डालिए— 'दुनिया बनाने वाले क्या तेरे मन में समाई' (फ़िल्म-तीसरी कसम), 'जाने कहां गए वो दिन..' (फ़िल्म-मेरा नाम जोकर)। हसरत जयपुरी की कुछ मशहूर ग़ज़लों 'ऐ मेरी जाने ग़ज़ल, चल मेरे साथ ही चल..', 'जब प्यार नहीं है, तो भुला क्यों नहीं देते', 'हम रातों को उठ-उठ के जिनके लिए रोते हैं' और 'नज़र मुझसे मिलाती हो तो तुम शरमा सी जाती हो' को उन्हीं के शहर जयपुर के रहने वाले ग़ज़ल गायकों अहमद हुसैन, मुहम्मद हुसैन ने गाकर अमर कर दिया है।

**(यह लेखक के निजी विचार हैं)**

---

**व्यंग्य**

# अकेले जाओगे तो अकेले रह जाओगे



राजेंद्र बज
व्यंग्यकार

इधर रहते हुए इधर वालों के अच्छे दिनों में उनकी गजब की हलचल थी। रोज-रोज कलफदार कुर्ता-पाजामा पहनना सार्थक सिद्ध हो जाया करता था। हर समय समर्थकों से घिरे रहा करते थे। लोग अपनी व्यथा-कथा का पुराण उन्हे सुनने को आतुर रहते थे। जिस प्रकार राजे-रजवाड़े के दौर में राजा -महाराजा या मंत्री को जनता के दुख दर्द सुनने से अपने महत्वपूर्ण होने का गुमान होता था, वैसा ही गुमान उनको भी कभी हुआ करता था। जब कभी कहीं आते-जाते, पांच-पच्चीस का लवाजमा तो उनके संग चला करता था। अलग-अलग इलाकों में उनके आदमी उनके नाम पर राजनीति किया करते थे।

लेकिन इधर वालो की साढ़े-साती के दौर में उन्हें अपने आसपास की भीड़ छंटते हुए दिखने पर एक अजीब सी घुटन होने लगी। जब उन्हें इधर की हरियाली की संभावनाएं दूर तक नजर नहीं आई तो प्रतिद्वंदी के हरे-भरे चारागाह पर इनकी नजरे टिक गई। तमाम शर्म, हया और लोक लाज को तिलांजलि देकर एक दिन वे उधर के हो गए। उनको लगने लगा कि अब अपने धंधे में बरकत आएगी। लेकिन ऐसा नहीं हुआ। कल तक अपने खेमे में वजनदारी से राजनीति किया करते थे। लेकिन यहां न तो किसी के साथ धक्का-मुक्की कर सकते थे और न ही मंच पर किसी को धकिया कर कुर्सी हासिल कर सकते थे।


यहां का माहौल भी उन्हें गजब का नजर आया। कार्यकर्ताओं को देवतुल्य कार्यकर्ता के संबोधन से पुकारा जाता था। हर छोटे-बड़े नेता भीड़ से घिरे रहा करते थे। लेकिन उनके अपने समर्थक दिखाई नहीं देते थे। इस पर उन्हें विचार आया कि सौ-पचास पट्ठों के साथ इधर आना था। कम से कम आसपास मजमा तो लगा रहता। वैसे जो चतुर नेता होते हैं, ऐसी गलती कदापि नहीं करते कि इधर से उधर या उधर से इधर आएं-जाएं तो अकेले ही आएं-जाएं। वे टुल्लर पार्टी के साथ ही इधर से उधर या उधर से इधर आवाजाही किया करते हैं। बाहर भोजन मिले न मिले, घर का भोजन साथ हो - तो क्या कहना !

दरअसल बात ऐसी है कि नेता के साथ जब तक लाव-लश्कर नहीं हो, जनता जनार्दन के सामने उसका वजन नहीं पड़ता। अकेला नेता एकदम अकेला होता है। लेकिन भीड़ से घिरा छुटभैया भी बड़ा नेता दिखाई देता है। आजकल का जमाना झांकीबाजों का है। जिसकी जितनी ऊंची झांकी होती है - वह उसी अनुपात में बाजी मारता चला जाता है। वैसे भी चुनावी दौर में प्रत्याशी के व्यक्तित्व एवं कृतित्व के आधार पर ही सफलता पाना नामुमकिन है। यही कारण है कि तमाम प्रत्याशी अपने दल के स्टार प्रचारक के साथ-साथ सिने स्टार से भी अपने निर्वाचन क्षेत्र में प्रचार-प्रसार के योगदान की आकांक्षा रखते है।

खैर, सुना है अब वे एक बार और पलटी मार कर फिर एक बार और व्यवस्थित तरीके से पलटी मारने की जुगाड़ में है।

---

**X**



**अमित शाह,** गृह मंत्री
@AmitShah
भाजपा ने बहुमत का उपयोग धारा 370 समाप्त करने और ट्रिपल तलाक जैसी सामाजिक बुराई को हटाने के लिए किया।



**प्रियंका गांधी,** कांग्रेस महासचिव
@priyankagandhi
अगर सचमुच देश को आगे बढ़ाना है तो ऐसी सरकार चुनिए जो आपको आगे बढ़ाए, जो नौजवानों को रोजगार दे, जो किसानों को, महिलाओं को सक्षम बनाए। ये जो कहते हैं बार-बार मोदी सरकार, इसको खारिज कर दीजिए। इस बार जनता की सरकार बनाइए। इस बार अपनी सरकार बनाइए, कांग्रेस की सरकार बनाइए।

---


**नॉलेज कॉर्नर:** आंखों की नमी बनाए रखने व रोशनी बढ़ाने के लिए वैज्ञानिकों ने बताए उपाय

# पलकें झपकाने से स्वस्थ्य रहेंगी आंखें

वैश्विक स्तर पर आंखों से संबंधित कई प्रकार की बीमारियों को समय के साथ बढ़ता हुआ देखा जा रहा है। कुछ दशकों पहले तक आंखों की समस्याओं को उम्र बढ़ने के साथ होने वाले विकारों के रूप में जाना जाता था, हालांकि अब कम उम्र के लोग भी इसके शिकार पाए जा रहे हैं। डॉक्टर्स बताते हैं, लाइफस्टाइल और आहार में गड़बड़ी के अलावा बढ़ा हुआ स्क्रीनटाइम भी आंखों के लिए नुकसानदायक है। इसके कारण कम दिखाई देने से लेकर, ड्राई आइज, आंखों में दर्द, ग्लूकोमा और कुछ स्थितियों में रोशनी तक चले जाने की समस्या भी देखी जा रही है। स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, आंखों को स्वस्थ रखने के लिए पौष्टिक आहार के सेवन के साथ नियमित रूप से कुछ अभ्यास करना लाभकारी हो सकता है। पलकों को झपकाने की आदत इसमें सबसे फायदेमंद मानी जाती रही है। माना जाता है कि पलकों को झपकाने से आंखों की नमी बनी रहती है और ड्राई आइज की समस्या का जोखिम कम होता है। हालिया अध्ययन में शोधकर्ताओं ने इस आदत को आंखों की रोशनी बढ़ाने वाला भी पाया है। क्या आप समय-समय पर पलकों को झपकाते हैं?

## अध्ययन में क्या पता चला?

विश्वविद्यालय में न्यूरोसाइंटिस्ट बिन यांग ने अपने प्रकाशित पेपर में लिखा है, हमने पाया है कि पलक झपकने से रेटिना की उत्तेजना की शक्ति बढ़ जाती है। आंखों की मांसपेशियों के लिए ये सरल व्यायाम भी है। मांसपेशियां जितनी सक्रिय रहेंगी, रक्त का संचार भी उतना ही ठीक रहता है जिससे आप न सिर्फ आंखों को स्वस्थ रख सकते हैं साथ ही इससे संबंधित कई प्रकार के विकारों को भी कम किया जा सकता है। पिछले शोधों से पता चलता है कि पलकें झपकाने से हमारी ध्यान क्षमता भी



एक्टिव होती है, वस्तुओं को पहचानने में मदद मिलती है। इसके अलावा इससे आंखों को सूखने से बचाने में मदद मिलती है जो कई प्रकार की बीमारियों का प्रमुख कारण रहा है।

## पलकें झपकाने से आंखों को मिलता है आराम

अमेरिका की रोचेस्टर यूनिवर्सिटी में हुए अध्ययन के मुताबिक, बार-बार पलक झपकने से न सिर्फ आंखों की नमी को बनाए रखने में मदद मिलती है साथ ही इससे आंखों की रोशनी भी बढ़ती है। शोधकर्ताओं ने बताया कि जब आप पलक झपकाते है तो इससे रेटिना उत्तेजित होती है जिससे छवि साफ दिखने में मदद मिलती है। इतना ही नहीं पलकें झपकने से हमारा दिमाग भी सक्रिय मोड में रहता है। हम जितने देर जागते हैं, उतनी देर में पलकें झपकने से हमारी आंखें करीब 10% समय बंद रहती है, इससे दिमाग को आराम मिलता है।

**ज्यादा पलकें झपकाने के नुकसान भी**

*शोधकर्ताओं ने कहा, आंखों की नमी बरकरार रहे, रोशनी बेहतर बनी रहे इसके लिए समय-समय पर पलकों को झपकाते रहना जरूरी है, पर ज्यादा लाभ के चक्कर में अनावश्यक रूप से ये काम नहीं किया जाना चाहिए। ऐसा करने से आप आंखों की रोशनी जल्दी खो सकते हैं।* कंटेंट: गोपाल शर्मा

### उत्तर प्रदेश: समाजवादी पार्टी ने अब बदायूं व सुल्तानपुर से बदले प्रत्याशी, भाजपा को कड़ी टक्कर देने की व्यूहरचना में जुटी पार्टी

## सपा ने शिवपाल का टिकट काट बेटे आदित्य यादव को बनाया प्रत्याशी

**एजेंसी** | लखनऊ

उत्तर प्रदेश में भाजपा का विजय रथ रोकने के लिए विपक्षी गठबंधन की मुख्य घटक समाजवादी पार्टी कई सियासी प्रयोग करने में लगी है। पार्टी चुनावी मुकाबलों को अपने पक्ष करने के लिए कई सीटों पर पूर्व में घोषित प्रत्याशियों को भी बदल रही है। पार्टी ने रविवार को एक बार फिर उम्मीदवार बदला हैं। पार्टी ने बदायूं सीट से घोषित उम्मीदवार शिवपाल यादव का टिकट काट दिया है। शिवपाल यादव की जगह पार्टी ने उनके बेटे आदित्य यादव को टिकट दिया है। आदित्य यादव





सपा के युवा नेता हैं। इसके साथ ही पार्टी ने सुलतानपुर सीट से राम भुवाल निषाद को उम्मीदवार घोषित किया है। बता दें समाजवादी पार्टी ने इससे पहले मुरादाबाद, मेरठ, नोएडा सीट से भी टिकट बदले हैं।

सूत्रों के अनुसार समाजवादी पार्टी एक सोची-समझी रणनीति के तहत ही ये उम्मीदवार बदल रही है। पिछले कई दिनों से यह कयास लगाए जा रहे थे कि बदायूं में आदित्य यादव को प्रत्याशी बनाया जा सकता है। इसके लिए पार्टी की ओर से माहौल भी बनाया गया। ऐसा लोगों ने तब महसूस किया जब सपा नेता धर्मेंद्र यादव चाचा शिवपाल यादव के चुनाव प्रचार के लिए बदायूं आए। उन्होंने भी मंच से शिवपाल की जगह आदित्य यादव के लिए माहौल बनाने का प्रयास किया। वहीं, शिवपाल यादव लगातार मीडिया से यही कहते नजर आ रहे थे कि प्रत्याशी वह होंगे या उनका बेटा या कोई और समाजवादी पार्टी मजबूती से चुनाव लड़ेगी।

### सात उम्मीदवार घोषित

रविवार को सपा ने कुल सात सीट पर उम्मीदवारों की घोषणा की है। साथ दो सीट पर उम्मीदवार बदल दिए हैं। जिन 7 सीटों पर प्रत्याशी घोषित किये हैं उसमें जौनपुर, फूलपुर, श्रावस्ती, डुमरियागंज, सलेमपुर और मछली शहर सीट शामिल है। सपा ने फूलपुर लोकसभा सीट से अमरनाथ मौर्या को उम्मीदवार घोषित किया है। जबकि श्रावस्ती सीट से रामशिरोमणि वर्मा, डुमरियागंज सीट से भीष्म शंकर कुशल तिवारी को कैंडिडेट घोषित किया गया है। इसके अलावा संत कबीर नगर सीट से लक्ष्मीकांत उर्फ पप्पू निषाद को उम्मीदवार बनाया गया है। वहीं सलेमपुर सीट से रमाशंकर राजभर को प्रत्याशी घोषित किया गया है। जबकि जौनपुर लोकसभा सीट से बाबू सिंह कुशवाहा को उम्मीदवार बनाया गया है। मछलीशहर लोकसभा सीट से प्रिया सरोज को प्रत्याशी घोषित किया गया है।

### संविधान व लोकतंत्र खतरे में: अखिलेश



वहीं, सपा मुखिया अखिलेश यादव ने एक कार्यक्रम के दौरान कहा कि आज संविधान और लोकतंत्र खतरे में है। संविधान और लोकतंत्र को बचाने की लड़ाई एक बार फिर लड़नी होगी। उन्होंने कहा कि इस बार लोकसभा चुनाव में पीडीए एकजुट होकर भाजपा को हराएगा। भाजपा के संविधान विरोधी षडयंत्र को विफल कर देगा। पिछड़े, दलित, अल्पसंख्यक मिलकर भाजपा को हराएंगे। संविधान, लोकतंत्र और आरक्षण बचाएंगे। उन्होंने भाजपा -हटाओ, संविधान बचाओ, भाजपा -हटाओ, आरक्षण बचाओ का नारा देते हुए कहा कि भाजपा कभी भी सच नहीं बोल सकती है। भाजपा ने छात्र-नौजवानों, महिलाओं, मजदूर-किसानों और व्यापारियों को धोखा दिया है।

### विपक्ष ने आपसी फूट के कारण ताकत गंवाई



**कोलकाता** । मशहूर अर्थशास्त्री और नोबेल पुरस्कार विजेता अमर्त्य सेन ने कहा कि भारत में विपक्ष ने फूट के कारण अपनी अधिकांश ताकत खो दी है। सेन ने कांग्रेस को सलाह देते हुए कहा कि कांग्रेस में कई संगठनात्मक समस्याएं हैं जिन्हें दूर करने की जरूरत है। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि जातीय जनगणना पर विचार किया जा सकता है, लेकिन उनका मानना है कि भारत को बेहतर शिक्षा, स्वास्थ्य देखभाल और लैंगिक समानता के माध्यम से वंचितों को अधिक सशक्त करने की जरूरत है। सेन ने विपक्षी गठबंधन को लेकर कहा कि विपक्षी गठबंधन ज्यादा लोकप्रियता हासिल करने में नाकाम रहा क्योंकि जदयू और रालोद जैसे उसके महत्वपूर्ण सहयोगी अलग हो गए। एकता से उसे और अधिक ताकत मिलती।

### आंध्र प्रदेश: सीएम रेड्डी पर पथराव मामले में FIR दर्ज

**विजयवाड़ा** । आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री वाईएस जगन मोहन रेड्डी पर हुए पथराव मामले में पुलिस ने आईपीसी की धारा 307 के तहत एफआईआर दर्ज की है। विधायक वेल्लमपल्ली श्रीनिवास द्वारा शिकायत दर्ज कराने के बाद पुलिस ने इस मामले में हत्या के प्रयास का केस दर्ज किया है। उधर मुख्यमंत्री पर पर हुए पथराव के बाद तेलगू देशम पार्टी ने मुख्य चुनाव आयुक्त से राज्य के तीन पुलिस अफसरों का तबादला करने की मांग की है। पार्टी ने आरोप लगाया कि हाल ही में हुई पथराव की घटना में मुख्यमंत्री घायल हो गए थे, जिससे साबित होता है कि उनकी सुरक्षा में बड़ी चूक हुई है। बता दें कि शनिवार को विजयवाड़ा में चुनाव प्रचार के दौरान पथराव की एक घटना में मुख्यमंत्री की बाईं आंख पर चोट लग गई थी।

### एमपी-कर्नाटक में चुनाव सभाओं में विपक्षी गठबंधन पर बरसे मोदी

## अंबेडकर के अपमान, टुकड़े टुकड़े गैंग का सुल्तान होने का आरोप

### ■ भाजपा ने आदिवासियों को दिया है सम्मान

**एजेंसी** | नर्मदापुरम

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी रविवार को मध्य प्रदेश में अपने चुनावी अभियान के दौरान कांग्रेस और अन्य विपक्षी पार्टियों व राहुल गांधी पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने

नर्मदापुरम जिले के होशंगाबाद के पिपरिया में एक जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि कांग्रेस ने बाबा साहेब को सम्मान नहीं दिया। उसने बाबा साहेब को अपमानित करने का काम किया है।

उन्होंने डॉ. अंबेडकर को उनकी जयंती पर श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा, बाबासाहेब द्वारा तैयार किया गया संविधान ही वह कारण है, जिसकी वजह से आज मैं तीसरी बार सेवा के लिए आपका आशीर्वाद मांग रहा हूं। बाबा साहेब के संविधान के कारण ही आज एक आदिवासी बेटी देश की राष्ट्रपति है। बाबा साहेब ने आधुनिक भारत को पहचान दी। राजनीतिक विश्लेषकों के अनुसार पीएम मोदी ने इस सभा के माध्यम से आदिवासी, दलित और पिछड़े वर्ग को भी साधने की कोशिश की। पीएम ने बताया कि आप जो मोबाइल से डिजिटल पेमेंट यूपीआई का काम करते हैं. उसका नाम हमने बाबा साहब के नाम पर भीम एप रखा है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने आदिवासी समाज के योगदान को कभी भी स्वीकार नहीं किया। भगवान बिरसा मुंडा के जन्मदिवस को 'राष्ट्रीय जनजातीय गौरव दिवस' के रूप में घोषित करने का सौभाग्य भी भाजपा सरकार को मिला है।



### आग देश में नहीं, उनके दिल में

पीएम मोदी ने कहा कि जैसे ही यह गरीब का बेटा प्रधानमंत्री बना तो कांग्रेस अफवाह फैलाने लगी कि संविधान और लोकतंत्र खतरे में आ गया। अब तो कांग्रेस का शाही परिवार धमकी दे रहा है कि मोदी तीसरी बार प्रधानमंत्री बना तो देश में आग लग जाएगी। आग देश में नहीं, बल्कि आग और जलन उनके दिलों में लगी है। कांग्रेस के लोग 10 साल से सत्ता से बाहर हैं। 10 साल में ऐसे छटपटा रहे हैं कि जैसे उनका और उनकी भावी पीढ़ियों का सब कुछ लूट गया हो। कांग्रेस वाले अगर यही कारनामें करते रहेंगे और उनका तौर-तरीका यही रहेगा, तो ये जलन उनको इतना जला देगी कि देश उनको आगे कभी मौका नहीं देगा।

### जो भारत के खिलाफ बोलता है, उनको टिकट

**मैसूर**। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कर्नाटक के मैसूर में एक जनसभा को संबोधित करते हुए कांग्रेस को टुकड़े-टुकड़े गैंग का सुल्तान करार दिया। उन्होंने कांग्रेस पर देश को बांटने और कमजोर करने का भी आरोप लगाया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कांग्रेस पर हमला करते हुए कहा कि देश को बांटने, तोड़ने और कमजोर करने के कांग्रेस के खतरनाक इरादे आज भी वैसे ही हैं। अब तो कांग्रेस देश से घृणा की सारी सीमाएं पार कर चुकी है। उन्होंने आरोप लगाया कि जो लोग भारत के खिलाफ बोलते हैं, कांग्रेस उन्हें चुनाव लड़ने के लिए टिकट देती है। पीएम ने कहा कि यह कांग्रेस के पतन की पराकाष्ठा है क्योंकि पार्टी के नेताओं ने पहले वंदे मातरम का विरोध किया और अब भारत माता की जय कहने में संकोच कर रहे हैं। उन्होंने कांग्रेस पर सत्ता के लिए आग से खेलने का आरोप लगाते हुए कहा कि जब भारत का कद विश्व स्तर पर बढ़ रहा है, ऐसे समय में कांग्रेस नेता विदेश जाकर भारत की छवि खराब करने का कोई मौका नहीं छोड़ रहे हैं। प्रधानमंत्री ने यह भी आरोप लगाया कि कांग्रेस भारतीय सेना से सर्जिकल स्ट्राइक के सबूत मांगती है।

### मंच पर मौजूद रहे पूर्व PM देवगौड़ा

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ मंच पर जनता दल सेक्युलर के संरक्षक और पूर्व प्रधानमंत्री एचडी देवेगौड़ा भी मौजूद रहे। बता दें कि जनता दल सेक्युलर सितंबर 2023 में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन में शामिल हुई थी। कर्नाटक की कुल 28 लोगकसभा सीटों में से भाजपा 25 सीटों पर चुनाव लड़ रही है, जबकि तीन सीटों पर जद (एस) चुनाव लड़ रही है।

### मराठा आरक्षण आंदोलन की फिर चेतावनी

## शिंदे सरकार को अल्टीमेटम, 5 जून से अनशन की चेतावनी

**एजेंसी** | मुंबई

महाराष्ट्र में मराठा आरक्षण को लेकर सरगर्मी लगातार बढ़ती जा रही है। मराठा आरक्षण कार्यकर्ता मनोज जरांगे ने इसे लेकर राज्य की शिंदे सरकार को खुली चुनौती दी है। जरांगे का कहना है कि अगर मराठा समुदाय को आरक्षण नहीं मिला, तो वे पांच जून से अनशन शुरू करेंगे। बता दें कि चार जून को लोकसभा चुनाव के परिणाम सामने आएंगे और इसके ठीक एक दिन बाद पांच जून से जरांगे ने अनशन का अल्टीमेटम दिया है।

जरांगे ने महाराष्ट्र सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि पुलिस द्वारा पूरे राज्य में मराठा आरक्षण आंदोलनकारियों के खिलाफ मामले दर्ज किए जा रहे हैं। उन्होंने सवाल पूछा कि आखिर चार महीने पुरानी घटनाओं को लेकर अब मामले क्यों दर्ज हो रहे हैं? उन्होंने कहा कि अगर सरकार ने मराठा समुदाय को आरक्षण से वंचित रखा, तो वे पांच जून से भूख-हड़ताल शुरू करेंगे। भूख-हड़ताल के बाद राज्य में छह जून से नया आंदोलन शुरू किया जाएगा।



### राजनीतिक दलों पर लगाया धोखा देने का आरोप

जरांगे ने कहा कि अगर सरकार ने मांगें नहीं मानी, तो वे दूसरी छमाही में होने वाले विधानसभा चुनाव की तैयारी शुरू कर देंगे। उन्होंने आरोप लगाया कि महा विकास अघाड़ी (एमवीए) सरकार ने मराठाओं को आरक्षण नहीं दिया और एकनाथ शिंदे सरकार ने भी समुदाय को धोखा दिया है। उन्होंने दावा कि बीते 40 साल से सभी पार्टियों ने वोट पाने के लिए मराठा समुदाय का इस्तेमाल किया है। इससे पहले मनोज जरांगे 2023 के अगस्त से नवंबर तक जालना जिले के अंतरवाली सराती में अनशन पर बैठे थे। सरकार द्वारा मराठा समुदाय को आरक्षण देने का वादा करने के बाद उन्होंने आंदोलन स्थगित कर दिया था।

### मायावती का नया सियासी दांव, कहा...

## बसपा सरकार बनी तो पश्चिम UP को घोषित करेंगे अलग राज्य

**एजेंसी** | मुजफ्फरनगर

बसपा प्रमुख मायावती ने लोकसभा चुनावों के लिए अपनी पार्टी का प्रचार अभियान तेज कर दिया है। उन्होंने एक बड़ा सियासी दांव लगाते हुए कहा है कि उनकी पार्टी की सरकार बनने पर पश्चिमी उत्तर प्रदेश को अलग राज्य घोषित किया जाएगा। इसके साथ ही उन्होंने पश्चिम उत्तर प्रदेश में हाईकोर्ट की बैंच स्थापित करने का भी वादा किया है।

मायावती ने मुजफ्फरनगर में एक रैली को संबोधित करते हुए ये वादे किए। उन्होंने कहा कि सपा



सरकार में जाट-मुस्लिम भाईचारे को तोड़ा गया। जबकि हमने जाट समाज की उपेक्षा नहीं की। ज्ञात रहे कि पश्चिमी उत्तर प्रदेश को अलग राज्य बनाने की मांग नई नहीं है और चुनावी रैली के दौरान मायावती ने इस मुद्दे को फिर से हवा दे दी है।

### BJP के लिए सत्ता में वापसी आसान नहीं

इसके साथ ही मायावती ने सहारनपुर में भी पार्टी की रैली को संबोधित किया। उन्होंने रैली में दावा किया कि सत्तारूढ़ भाजपा के लिए सत्ता में वापसी आसान नहीं होगी क्योंकि उनकी कथनी और करनी में अंतर है। पश्चिमी उत्तर प्रदेश के लिए अपने चुनाव अभियान की शुरुआत सहारनपुर से करते हुए मायावती ने भाजपा पर जनता से झूठ बोलने और ताकतवर लोगों के हित में काम करने का आरोप लगाया।

### बसपा अमेठी रायबरेली से लड़ने को तैयार

**सुल्तानपुर**। देश की बहुचर्चित रायबरेली और अमेठी सीट पर यदि गांधी परिवार के सदस्य राहुल गांधी या प्रियंका गांधी चुनाव लड़ते हैं तो भी बसपा उनके साथ कोई रियायत नहीं करेगी। बसपा वहां से मजबूत और जिताऊ प्रत्याशी मैदान में उतारेगी। बसपा के मुख्य सेक्टर प्रभारी पूर्व सांसद घनश्याम खरवार ने रविवार को अपने सुल्तानपुर के दौरे के दौरान कहा कि इन दोनों सीटों पर प्रत्याशी तय हो गए हैं, ।

### राकांपा (SP) नेता ने साधा सियासी निशाना

## देश में लोकतंत्र को नष्ट कर रहे हैं प्रधानमंत्री मोदी: शरद पवार

**एजेंसी** | सोलापुर

देश में चल रहे सियासी मौसम में बयानबाजी और आरोप-प्रत्यारोप का दौर जारी है। राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरद पवार) प्रमुख शरद पवार ने आरोप लगाया है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी देश में लोकतंत्र को नष्ट कर रहे हैं।

सोलापुर जिले के अकलुज में एक चुनावी बैठक में भाग लेने पहुंचे शरद पवार ने पत्रकारों से बातचीत में कहा कि रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन और प्रधानमंत्री मोदी में कोई अंतर नहीं पाते हैं। पीएम मोदी चाहते ही नहीं हैं कि



विपक्ष से कोई निर्वाचित हो। पवार ने दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी का भी मुद्दा उठाया। उन्होंने कहा कि आदर्श आचार संहिता लागू होने के बाद भी एक मौजूदा मुख्यमंत्री (अरविंद केजरीवाल) की गिरफ्तारी यही दिखाती है। उन्होंने कहा कि केजरीवाल को इस तरह गिरफ्तार करना साफ दिखाता है कि मोदी धीरे-धीरे संसदीय लोकतंत्र को नष्ट कर रहे हैं और देश निरंकुशता की ओर बढ़ रहा है।

उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में सत्ता पक्ष की तरह विपक्ष का भी उतना ही महत्व है। इस दौरान शरद पवार ने भाजपा के घोषणापत्र पर टिप्पणी करने से इनकार कर दिया। उन्होंने कहा कि वादे करना भाजपा की खासियत है, लेकिन ये समय उनके घोषणापत्र पर टिप्पणी करने का नहीं हैं।

### भाजपा के चुनाव घोषणा पत्र पर विपक्ष ने साधा निशाना

## मोदी की गारंटी तो जुमलों की वारंटी है, पहले के वादे भी नहीं हुए पूरे: खरगे

**एजेंसी** | नई दिल्ली

लोकसभा चुनावों को लेकर भाजपा की ओर से रविवार को जारी पार्टी के चुनाव घोषणा पत्र पर विपक्षी गठबंधन इंडिया के कई नेताओं ने सियासी हमला किया है और कई सवाल उठाए हैं। कांग्रेस ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर नौकरियां देने, किसानों की आय दोगुनी करने, मूल्य वृद्धि और महंगाई से निपटने के वादे को पूरा नहीं करने का भी आरोप लगाया।

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने घोषणापत्र को बयानबाजी से भरा जुमला पत्र करार दिया है। उन्होंने कहा कि मोदी की गारंटी तो जुमलों की वारंटी है, क्योंकि वह



पहले किए गए वादों को पूरा करने में नाकाम रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री ने अपने कार्यकाल के दौरान कोई ऐसा बड़ा काम नहीं किया, जिससे देश की जनता, युवाओं और किसानों को फायदा हो। खरगे ने कहा कि युवा नौकरियों के लिए प्रदर्शन कर रहे हैं, महंगाई के कारण खाद्य पदार्थों की कीमतें आसमान छू रही हैं। लोग इससे परेशान हैं, लेकिन घोषणापत्र में इस पर कोई बात नहीं कर गई है। उन्होंने आरोप लगाया कि मोदी ने पिछले 10 वर्षों में केवल बेरोजगारी और महंगाई बढ़ाई है। उन्होंने हिंदी में एक पोस्ट में प्रधानमंत्री से 14 सवाल भी पूछे। खरगे ने कहा, पुरानी गारंटियों के लिए कोई जवाबदेही नहीं, कोरी बयानबाजी! 'मोदी की गारंटी' 'जुमलों की वारंटी' के जैसी है।'

कांग्रेस प्रवक्ता पवन खेड़ा ने कहा कि 2014 के अपने घोषणापत्र में मोदी ने एक विशेष कार्यबल बनाकर काला धन वापस लाने का वादा किया था, लेकिन इसके बजाय आए चुनावी बॉण्ड।

खेड़ा ने दावा किया कि उन्होंने पूर्वोत्तर में कानून व्यवस्था को मजबूत करने का भी वादा किया था, लेकिन आज मणिपुर में हिंसा जारी है, लेकिन प्रधानमंत्री मोदी चुप्पी साधे हुए हैं। उन्होंने कहा कि मोदी ने वादा किया था कि विशेष पैकेज के जरिये 100 जिलों से गरीबी खत्म की जाएगी, लेकिन भूख सूचकांक के आंकड़े हकीकत बयां कर रहे हैं।

### महंगाई व बेरोजगारी शब्द घोषणा पत्र से गायब: राहुल गांधी



कांग्रेस के नेता राहुल गांधी ने तंज कसते हुए एक्स पर लिखा, भाजपा के मेनिफेस्टो और नरेंद्र मोदी के भाषण से दो शब्द गायब हैं- महंगाई और बेरोजगारी। लोगों के जीवन से जुड़े सबसे अहम मुद्दों पर भाजपा चर्चा तक नहीं करना चाहती। उन्होंने कहा कि विपक्षी गठबंधन इंडिया का प्लान बिलकुल स्पष्ट है- 30 लाख पदों पर भर्ती और हर शिक्षित युवा को 1 लाख की पक्की नौकरी। युवा इस बार मोदी के झांसे में नहीं आने वाला, अब वो कांग्रेस का हाथ मजबूत कर देश में 'रोजगार क्रांति' लाएगा।

### बिहार सहित अन्य पिछड़े व गरीब राज्यों के लिए घोषणा पत्र में कुछ नहीं: तेजस्वी यादव



वहीं, राष्ट्रीय जनता दल के नेता और पूर्व उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव ने रविवार को कहा कि भाजपा के घोषणा पत्र में महंगाई, बेरोजगारी और गरीबी को हटाने या कम करने का ज़िक्र नहीं है। तेजस्वी ने पटना में पत्रकारों के साथ बातचीत के दौरान दावा किया कि भाजपा के घोषणा पत्र में देश के 60 फीसदी युवाओं, 80 प्रतिशत किसानों और देश के लगभग छह लाख 40 हजार से अधिक गांवों के लिए कुछ भी नहीं है। उन्होंने कहा कि बिहार सहित देश के पिछड़े और गरीब राज्यों के विकास एवं उत्थान के लिए भी भाजपा के घोषणा पत्र में कुछ नहीं है। उन्होंने कहा कि जिन राज्यों से लोकसभा के सबसे अधिक सांसद आते हैं, उन राज्यों के विकास के लिये भी घोषणा पत्र में कुछ नहीं है। राजद नेता ने आरोप लगाया कि वे (भाजपा नेता) अपने घोषणा पत्र में नौकरी, रोजगार, युवा, किसान, जवान और गांव को पूर्णत: भूल गए हैं।

## जरूरी खबर

### मणिपुर: ड्रॉपबॉक्स में रख दें लूटे गए हथियार

**इंफाल।** हिंसाग्रस्त मणिपुर में इंफाल से चूरचांदपुर जाने वाली सड़क के किनारे विभिन्न स्थानों पर ड्रॉपबॉक्स रखे गए हैं। उसके पास ही लगे पोस्टर में लिखा है, छीने गए हथियारों को यहां वापस रख दें।' बड़े-बड़े ड्रॉपबॉक्स रखने के साथ ही मणिपुर की जनता से अपील की गई है कि वह मणिपुर में हिंसा के दौरान सुरक्षाबलों से छीने गए हथियारों को इन बक्सों में जमा कर दिया जाए। अंग्रेजी और मैतेई भाषा में लिखे गए संदेश यह भी कहा गया है कि हथियार लौटाने वालों से कोई सवाल-जवाब नहीं होगा। मणिपुर में यह चर्चा आम है कि चुनाव से पहले जगह-जगह पोस्टरों, बैनरों और रैलियों का माहौल नहीं है। इसके बजाय विभिन्न स्थानों पर बंदूकों की तस्वीरों वाले भूरे रंग के बक्से रखे हुए हैं। सूत्रों के अनुसार हिंसाग्रस्त राज्य के शस्त्रागार से भीड़ की लूटी 4200 बंदूकें अभी भी गायब हैं।

### कोई कानून से खिलवाड़ करेगा तो 'राम-नाम सत्य'




**रूड़की।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि भाजपा ने देश को विकास के साथ आस्था और सुशासन का मॉडल दिया। विकास और विरासत की इस जुगलबंदी से देश को दुनियां में विशिष्ट स्थान हासिल हुआ। योगी ने अपराधियों को चेतावनी देते हुए कहा कि जो भी कानून के साथ खिलवाड़ करेगा उसका 'राम'राम सत्य' है। योगी ने रविवार को उत्तराखंड में रूड़की समेत तीन जगहों पर चुनावी सभाओं को संबोधित करते हुए यह चेतावनी दी। उन्होंने कहा कि कहा कि अगर कोई अपराधी यह सोचता है कि अपराध करने के बाद पड़ोसी राज्यों में छुप जाएगा तो उसको उस लायक छोड़ेंगे ही नहीं कि वह भाग सके।

### दिल्ली में नौ साल बाद 14 अप्रैल रहा सबसे ठंडा दिन

**नई दिल्ली ।** राजधानी दिल्ली में दो दिन से रुक-रुककर हो रही बारिश से लोगों को गर्मी से राहत मिली है। पारा सामान्य से सामान्य से चार डिग्री नीचे दर्ज किया गया। नौ साल बाद 14 अप्रैल सबसे ठंडा रहा। इससे पहले 14 अप्रैल, 2015 में अधिकतम तापमान 32 डिग्री सेल्सियस रहा था। रविवार को अधिकतम तापमान 32.3 डिग्री सेल्सियस रहा। सुबह से ही आसमान में बादल छाए रहे। कई इलाकों में तेज बारिश भी दर्ज की गई। दोपहर के समय ठंडी हवाओं ने मौसम को सुहावना बना दिया। न्यूनतम तापमान 21.4° सेल्सियस रहा।

## डॉ. अंबेडकर को किया नमन





*नई दिल्ली। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला और अन्य सांसदों व नेताओं ने संविधान निर्माता बीआर अंबेडकर की जयंती पर रविवार को संविधान सदन (पुराना संसद भवन) के केंद्रीय कक्ष में उनको नमन किया। उनकी प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की गई।*

### पूर्वी लद्दाख: नई डिवीजन तैनाती की योजना

**लेह।** चीन के साथ सीमा पर जारी सैन्य गतिरोध के मद्देनजर भारत पूर्वी लद्दाख में तैनाती के लिए सेना की नई डिवीजन बनाने की तैयारी में है। इस योजना पर काफी समय से काम चल रहा है। सूत्रों के मुताबिक, सेना उत्तरी कमान के तहत पूर्वी लद्दाख में तैनाती के लिए 72 डिवीजन को बढ़ाने पर विचार कर रही है, जो पश्चिम बंगाल के पानागढ़ स्थित 17 माउंटेन स्ट्राइक कोर के तहत काम करती रही है। ज्ञात रहे कि भारत चीन सीमा पर हवाई ताकत बढ़ाने पर भी लगातार काम कर रहा है। मीडिया रिपोर्टों के अनुसार पूर्वी लद्दाख में तैनाती के लिए नई भर्ती नहीं की जाएगी, बल्कि मौजूदा संरचनाओं से ही कर्मियों की पोस्टिंग की जाएगी। स्ट्राइक कोर पर सीमा पार आक्रामक कार्रवाइयों को अंजाम देने का जिम्मा रहता है। इस समय सेना के पास 4 स्ट्राइक कोर हैं- मथुरा स्थित 1 कोर, अंबाला स्थित 2 कोर, भोपाल स्थित 21 कोर और पानागढ़ में 17 एमएससी। हालांकि, 2021 तक केवल 17 एमएससी चीन पर केंद्रित रही। बाकी तीन कोर पाकिस्तान केंद्रित रही।

**इजराइल-ईरान में संघर्ष : भारतीयों के लिए फिर से एडवाइजरी जारी**

# इजराइल में भारतीयों से खुद का रजिस्ट्रेशन कराने को कहा

**एजेंसी** | नई दिल्ली/ तेल अवीव

इजराइल पर ईरान के हमले करने के बाद भारत ने वहां के हालात पर चिंता जताई है। भारत ने कहा कि हमले से क्षेत्रीय शांति और सुरक्षा को खतरा है। इस बीच, इजराइल स्थित भारतीय दूतावास ने भारतीय नागरिकों के लिए नई एडवाइजरी जारी कर शांत रहने और सभी सुरक्षा प्रोटोकॉल का पालन करने का निर्देश दिया है।

इसके साथ ही भारतीय नागरिकों के लिए एक लिंक जारी कर खुद को रजिस्टर कराने को कहा है। माना जा रहा है कि इजराइल में हालात बिगड़ने पर भारतीय नागरिकों को निकालने की आशंका को देखते हुए यह रजिस्ट्रेशन कराया जा रहा है। दूतावास ने भारतीय नागरिकों को जब तक बहुत जरूरी न हो यात्राएं न करने की सलाह दी है। रिपोर्ट्स के मुताबिक इजरायल में 18 हजार भारतीय हैं। वहीं ईरान में 4 हजार भारतीय रहते हैं। ऐसे में इस संघर्ष के कारण 22 हजार भारतीय फंसे हैं।

भारतीय दूतावास ने सोशल मीडिया पर साझा एक पोस्ट में लिखा कि क्षेत्र में हालिया घटनाक्रम के तहत, इजराइल में रह रहे सभी भारतीय नागरिकों को सलाह दी जाती है कि वे शांत रहें और स्थानीय प्रशासन द्वारा बताए जा रहे सभी सुरक्षा प्रोटोकॉल का पालन करें। दूतावास हालात पर करीब से नजर रखे हुए है और इजराइल सरकार और भारतीय समुदाय के संपर्क में हैं ताकि हमारे सभी नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके।

### इजराइल में 18,000 व ईरान में 4,000 भारतीय



#### ईरान स्थित दूतावास ने जारी किए हेल्पलाइन नंबर

हालात को देखते हुए ईरान में स्थित भारतीय दूतावास ने भी हेल्पलाइन नंबर जारी किए हैं। किसी भी आपात स्थिति में ईरान में रहने वाले भारतीय नागरिक इन नंबर्स पर दूतावास से संपर्क कर सकते हैं। जो नंबर जारी किए गए हैं, वो हैं- +989128109115, +98993179567, +989932179359, +98-21-88755103-5

#### इजराइल: संपर्क के लिए जारी किए नंबर

इजराइल स्थित भारतीय दूतावास दूतावास ने 24 घंटे काम करने वाले फोन नंबर +972-547520711, +972-543278392 व ईमेल cons1.telaviv@mea.gov.in जारी किए हैं। भारतीय नागरिक आपात स्थिति में इन फोन नंबरों पर संपर्क कर सकते हैं।

#### जयशंकर ने की ब्रिटेन के विदेश मंत्री से चर्चा

विदेश मंत्री एस जयशंकर ने शनिवार को ब्रिटेन के अपने समकक्ष डेविड कैमरन के साथ इजराइल और ईरान के बीच बढ़ते तनाव के बीच पश्चिम एशिया में उभरती स्थिति पर चर्चा की। जयशंकर और कैमरन के बीच टेलीफोन पर बातचीत उस दिन हुई जब ईरानी सेना ने एक इस्राइली अरबपति कारोबारी के आंशिक स्वामित्व वाली कंपनी से संबद्ध मालवाहक जहाज को जब्त कर लिया। जहाज पर चालक दल के 17 भारतीय सदस्य हैं।

#### इजराइल व ईरानी विदेश मंत्री से बात

विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने रविवार रात ईरान के विदेश मंत्री एच. अमीराब्दोल्लाहियन और इजराइल के विदेश मंत्री इजराइल काट्ज से बात की। इस दौरान ईरान द्वारा कब्जे में लिए गए जहाज पर मौजूद 17 भारतीयों की सुरक्षित वापसी पर भी चर्चा बात हुई। विदेश मंत्री जयशंकर ने ट्वीट किया कि ईरान के विदेश मंत्री एच. अमीराब्दोल्लाहियन से 17 चालक दल 17 भारतीय सदस्यों की रिहाई पर चर्चा की।

### AI की इजराइल के लिए उड़ान निलंबित

**नई दिल्ली।** ईरान और इजराइल के बीच चल रहे तनाव के बीच भारतीय विमानन कंपनी एयर इंडिया ने भारत व इजराइल के बीच आने-जाने वाली उड़ानों को निलंबित कर दिया है।

बता दें कि सीरिया के ईरानी दूतावास में हुए हमले के बाद ईरान द्वारा इजराइल पर ड्रोन और मिसाइल से किए गए हमले के मद्देनजर विमानन कंपनियों ने यह कदम उठाया है। एयर इंडिया के एक अधिकारी ने बताया कि दोनों देशों के बीच उड़ानें फिलहाल





निलंबित रहेंगी। बता दें कि एयर इंडिया द्वारा दिल्ली से इजराइल के लिए सप्ताह में चार उड़ानें संचालित की जाती हैं। इससे पहले 7 अक्टूबर 2023 को विमानन कंपनी ने इजराइल और हमास के बीच तनातनी को देखते हुए अस्थाई तौर पर उड़ानें रोकने का फैसला लिया था।

पांच महीने के लंबे अंतराल के बाद 3 मार्च को इजराइल के लिए फिर से हवाई सेवाएं शुरू की गईं लेकिन अब इन्हें फिर से निलंबित किया गया है। एयर इंडिया का कहना है कि हम मध्य पूर्व के हालातों पर करीबी से नजर रख रहे हैं। बता दें कि एयर इंडिया द्वारा यूरोप, अमेरिका और मध्य पूर्व में उड़ानों का संचालन किया जाता है।

**कांग्रेस के 10 और प्रत्याशी घोषित**

## मनोज तिवारी से होगी कन्हैया कुमार की टक्कर

**एजेंसी** | नई दिल्ली



लोकसभा चुनाव के लिए कांग्रेस ने रविवार को और 10 प्रत्याशियों के नामों की सूची जारी की।

पार्टी ने उत्तर पूर्वी दिल्ली से इस बार मनोज तिवारी के खिलाफ कन्हैया कुमार को चुनाव मैदान में उतारा है। कांग्रेस की यह 13वीं सूची है। इसके अलावा दिल्ली की चांदनी चौक सीट से जेपी अग्रवाल, उत्तर पूर्वी दिल्ली से कन्हैया कुमार, उत्तर पश्चिम दिल्ली से उदित राज को टिकट दिया गया है।

ज्ञात रहे कि बिहार के बेगूसराय की सीट वामदलों के खाते में जाने के बाद से ही चर्चा थी कि कन्हैया कुमार को दिल्ली की किसी सीट से चुनाव मैदान में उतारा जा सकता है। वहीं बात करें उत्तर पूर्वी दिल्ली की तो मनोज तिवारी यहां पहले से भी सांसद हैं। वहीं दिल्ली की सात सीटों में से इस बार केवल इसी सीट पर भाजपा ने उम्मीदवार रिपीट किया है। ऐसे में यह सीट इंडिया गठबंधन के लिए भी अहम है।

#### पूर्व CM चन्नी जालंधर से लड़ेंगे चुनाव

वहीं, पंजाब की 6 सीटों पर भी कांग्रेस ने अपने उम्मीदवारों की घोषणा की है। राज्य की अमृतसर सीट पर गुरजीत सिंह औजला, जालंधर से पूर्व सीएम चरणजीत सिंह चन्नी, फतेहगढ़ साहिब से अमर सिंह, बठिंडा से जीत मोहिंदर सिंह सिद्धू, संगरूर से सुखपाल सिंह खैरा और पटियाला से डॉ. धर्मवीर गांधी को टिकट दिया गया है। इसके अलावा उत्तर प्रदेश की इलाहाबाद सीट पर उज्ज्वल रेवती रमन सिंह को प्रत्याशी बनाया गया है।

**लॉरेंस बिश्नोई के भाई ने ली जिम्मेदारी**

## सलमान के घर के बाहर फायरिंग, सुरक्षा बढ़ाई

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता सलमान खान के मुंबई स्थित घर के बाहर रविवार तड़के मोटरसाइकिल सवार दो अज्ञात व्यक्तियों ने गोलीबारी की। इसके बाद पुलिस ने उनके आवास के आसपास सुरक्षा बढ़ा दी और आरोपितों की तलाश शुरू कर दी। पुलिस ने दो अज्ञात आरोपियों के खिलाफ आईपीसी की धारा 307 (हत्या का प्रयास) के तहत मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस ने सलमान के अपार्टमेंट से लगभग एक किलोमीटर दूर वह बाइक भी बरामद कर ली है, जिसके बारे में संदेह है कि आरोपियों ने इसका इस्तेमाल किया। जेल में बंद गैंगस्टर लारेंस बिश्नोई के अमेरिका में रहने वाले भाई अनमोल बिश्नोई ने घटना को सलमान खान के लिए पहली और आखिरी चेतावनी बताया है।



#### अभी यह तो ट्रेलर है

फेसबुक पर लिखे एक पोस्ट में अनमोल बिश्नोई ने कहा है कि यह एक ट्रेलर है। हम शांति चाहते हैं। लेकिन, यदि युद्ध से ही न्याय मिलेगा, तो हम इसके लिए भी तैयार हैं। अगली बार दीवालों पर या खाली घर में गोली नहीं चलाई जाएगी। अनमोल ने पोस्ट के आखिर में लिखा है -जय श्रीराम।

#### पांच राउंड चलाई गोलियां

एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि बांद्रा इलाके में स्थित 'गैलेक्सी अपार्टमेंट' के बाहर सुबह करीब पांच बजे दो व्यक्तियों ने पांच राउंड गोलियां चलाईं और भाग गए। इसी इमारत में अभिनेता सलमान खान रहते हैं। पुलिस आरोपितों की पहचान करने के लिए उनके घर के आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है।

#### पुलिस ने शुरू की जांच

सुबूत इकट्ठा करने के लिए स्थानीय पुलिस, अपराध शाखा और फोरेंसिक विज्ञान विशेषज्ञों की एक टीम भी मौके पर पहुंची और घटना की जांच शुरू कर दी गई है। घटना के वक्त सलमान घर पर थे या नहीं, इसे लेकर पुलिस और सलमान के परिवार की ओर से आधिकारिक तौर पर कुछ नहीं कहा गया है। कुछ मीडिया रिपोर्टों में कहा गया है कि घटना के समय सलमान खान घर पर ही था।

**अयोध्या में राम जन्मोत्सव की तैयारियां**

# बढ़ेगी श्रद्धालुओं की भीड़, आज से नहीं होंगे VIP दर्शन

**एजेंसी** | अयोध्या

राम नवमी के मद्देनजर अयोध्या में चैत्र शुक्ल सप्तमी यानी सोमवार से श्रद्धालुओं की भीड़ बढ़ने की संभावना है। इसको देखते हुए राममंदिर ट्रस्ट ने रामलला के दरबार में 15 से 18 अप्रैल तक वीआईपी दर्शन पर रोक लगा दी है।

ट्रस्ट ने गाइडलाइन जारी करते हुए बताया है कि सोमवार से चार दिनों तक वीआईपी दर्शन की कोई व्यवस्था नहीं रहेगी। जिन लोगों ने 15 से 18 अप्रैल के बीच के वीआईपी पास बनवाए हैं, उनके पास भी निरस्त माने जाएंगे। ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय ने अपील की है कि इन तिथियों पर वीआईपी



प्रोटोकाल धारक अयोध्या न आएं। भीड़ में वीआईपी दर्शन कराना संभव नहीं होगा। पहले से बने विशिष्ट व सुगम पास 18 अप्रैल तक मान्य नहीं होंगे।

#### मोबाइल लेकर न आएं श्रद्धालु

इससे पहले रविवार को ट्रस्ट व पुलिस अधिकारियों के बीच परिसर में बैठक हुई। जिसमें रामलला के दर्शन अवधि में बदलाव करने पर विचार किया गया।राम मंदिर ट्रस्ट के महासचिव ने लोगों से अपील की है कि रामलला के जन्मोत्सव के मौके पर मोबाइल लेकर ना आए। मंदिर आने वाले श्रद्धालुओं के लिए विभिन्न कदम उठाने पर भी चर्चा की गई।

#### लग रहे 80 अतिरिक्त सीसीटीवी कैमरे

रामजन्मोत्सव को लेकर राममंदिर को भव्य रूप से सजाया जा रहा है। रामजन्मभूमि पथ पर 80 अतिरिक्त सीसीटीवी कैमरे लगाए जा रहे हैं। पथ पर जर्मन हैंगर लगने की वजह से कुछ कैमरे दूर के ही दृश्यों को कैद कर पा रहे हैं। ऐसे में नजदीकी दृश्यों को भी कैद करने के लिए अतिरिक्त कैमरे लगाए जा रहे हैं। पथ पर करीब 50 स्थानों पर वॉटर कूलर भी स्थापित कराए जा रहे हैं।

### 20 घंटे तक होंगे दर्शन

सूत्रों के अनुसार रामनवमी की मुख्य तिथियों पर आने वाली भीड़ को ध्यान में रखकर ऐसी व्यवस्था बनाई जा रही है, जिससे ज्यादा से ज्यादा श्रद्धालु रामलला के दर्शन कर सकें। सोमवार से गुरुवार तक रोजाना लगातार 20 घंटे दर्शन की व्यवस्था रहेगी। 4 घंटे का समय रामलला के श्रृंगार, भोग, राग पूजा, आरती के लिए रखा गया है। मंदिर ट्रस्ट का मानना है कि 24 घंटे दर्शन खुला रखने पर भी रामनवमी पर यानी 17 अप्रैल को 30-40 लाख श्रद्धालुओ को दर्शन करवाना संभव नहीं हो पाएगा। ऐसे में भीड़ को कई दिनों में बांटकर (15 से 18 अप्रैल तक) रोजाना 20 घंटे दर्शन की व्यवस्था की गई है।

#### आज से होगा वाहनों का डाइवर्जन

सोमवार दोपहर दो बजे से शुक्रवार दोपहर 12 बजे अयोध्या में डायवर्जन प्लान लागू रहेगा। गोंडा, बस्ती, गोरखपुर, सुलतानपुर, बहराइच, कानपुर, लखनऊ, सीतापुर से आने वाले भारी वाहनों को दूसरे मार्गों से गुजारा जाएगा।

### फेडरेशन ऑफ हॉस्पिटेलिटी एंड टूरिज्म ऑफ राजस्थान की ओर से पैनल चर्चा

# रामगढ़ झील को पुनर्जीवित करने और उसे बचाने के तरीकों पर मंथन

बेधड़क | जयपुर

फेडरेशन ऑफ हॉस्पिटेलिटी एंड टूरिज्म ऑफ राजस्थान (एफएचटीआर) और रिवाइविंग रामगढ़ लेक कैम्पेन द्वारा संयुक्त रूप से रामगढ़ लेक के पुनरुद्धार पर ज्ञानवर्धक सेशन का आयोजन रविवार को रामबाग पैलेस में किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत एफएचटीआर के सदस्यों द्वारा 'रिवाइव एंड सेव रामगढ़ लेक' के पोस्टर रिलीज के साथ हुई। चर्चा के पैनलिस्ट्स में रामबाग पैलेस के एरिया डायरेक्टर एवं जनरल मैनेजर, अशोक राठौड़, राजस्थान टूरिज्म के एडिशनल डायरेक्टर राकेश शर्मा, एफएचटीआर और एचआरएआर अध्यक्ष कुलदीप सिंह चंदेला, रिवाइवल रामगढ़ लेक मूवमेंट के हेड नायला के ठाकुर दुष्यन्त सिंह, हेड, रिमोट सेंसिंग डिवीजन, बिड़ला इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी महावीर पुनिया, भारत की पहली एमबीए सरपंच छवि राजावत, सुपरिंटेंडेंट इंजीनियर डीआरआईपी अंबुज त्यागी, आयोजन स्कूल ऑफ आर्किटेक्चर प्रोफेसर बिनीत छज्जर शामिल थे।





### सामूहिक प्रयास की आवश्यकता पर जोर

छवि राजावत ने होलिस्टिक डवलपमेंट की बात करते हुए नागरिकों द्वारा सामूहिक प्रयास की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि नागरिक ही इस पहल के सच्चे स्टेक होल्डर्स हैं। वहीं, दुष्यंत नायला ने एनीकट को झील के सूखने का प्राथमिक कारण बताया। उन्होंने जलाशय का स्तर एक निश्चित सीमा तक पहुंचने तक एनीकट के दरवाजे खुले रखने और रामगढ़ फेस्टिवल जैसी पर्यटन पहल को बढ़ावा देने जैसी रणनीतियों का सुझाव दिया।

### ड्रैनेज सिस्टम में व्यवधान से सूखी झील

अंबुज त्यागी ने झील के सूखने का कारण भूमि उपयोग पैटर्न में बदलाव, जलवायु परिवर्तन और हाईवे निर्माण के कारण ड्रैनेज सिस्टम में व्यवधान को बताया। राकेश शर्मा ने न केवल जलाशय, बल्कि इसके आसपास के पूरे इकोसिस्टम पर ध्यान केंद्रित करने पर जोर दिया। उन्होंने गांव, पर्यावरण और प्रकृति पर्यटन को शामिल करते हुए एक व्यापक दृष्टिकोण पर प्रकाश डाला। वहीं, सुनील पचार ने रैखिक के बजाय गोलाकार जल उपयोग प्रैक्टेसिस को अपनाने के महत्व को रेखांकित किया।



### युवा पीढ़ी से भागीदारी का आग्रह

कुलदीप सिंह चंदेला ने रामगढ़ लेक को संरक्षित कर पाने में विफलता पर दुख व्यक्त किया और आने वाली पीढ़ियों के लाभ के लिए इसके पुनरुद्धार की आवश्यकता पर जोर दिया। अशोक एस राठौड़ ने इस बात पर प्रकाश डाला कि रामगढ़ लेक का पुनरुद्धार विरासत और इतिहास के पुनरुद्धार का प्रतीक है, जो राजनीतिक एजेंडे से आगे बढ़कर एक सामाजिक आंदोलन बन गया है। जयपुर का जल स्तर पहले से ही सीमा से नीचे चला गया है। इसलिए जल संरक्षण सर्वोपरि हो गया है, जिसके लिए उन्होंने युवा पीढ़ी से भी भागीदारी का आग्रह किया।

### पानी सहेजने की जरूरत


बिनीत छज्जर ने कहा कि हमें समस्या और समाधान पर ज्यादा से ज्यादा कम्युनिकेट करने की आवश्यकता है। जयपुर की चारदीवारी में बड़ी संख्या में कुएं हैं, जो अब कचरे से भरे होने के कारण बंद हो गए हैं। यह हमारी विरासत हैं, जिन्हें रीस्टोर किया जाना चाहिए। बारिश का पानी संरक्षित करने की जरूरत है। इसके लिए सभी को मिलकर अपने घरों से ही शुरुआत करनी होगी।

## संगीत अवॉर्ड से नवाजा



**बेधड़क. जयपुर।** पिंकसिटी प्रेस क्लब में ठाकुर किशन सिंह शास्त्रीय संगीत समारोह समिति की ओर से आयोजित 22वें ठाकुर किशन सिंह संगीत समारोह में देश के विख्यात तबला वादक पं. रामकुमार मिश्र एवं उनके पुत्र राहुल कुमार मिश्र ने तबला जुगलबंदी की रोचक प्रस्तुति दी। लय और बोल बांट के साथ ही तबले के तीनों भागों पर समान अधिकार भी सुनने योग्य था। उनके साथ हरमोनियम पर वनस्थली के पं. राजेंद्र बैनर्जी ने प्रभावी संगत की। कार्यक्रम का आगाज वरिष्ठ गायक डॉ. विजयेंद्र गौतम के सुरीले गायन से हुआ। उनके साथ तबले पर पं. दशरथ कुमार ने रोचक संगत की। कार्यक्रम का संचालन राजेश आचार्य ने पूरे साहित्यिक अंदाज से किया। इस मौके पर बांसुरी वादक पं. बाबूलाल शर्मा, तबला वादक उस्ताद जफर मोहम्मद, पं. दशरथ कुमार, पखावज वादक पं. प्रवीण आर्य, वायलिन वादक पं. रविशंकर भट्ट तैलंग, गायक भानु राव (युवा श्रेणी) को संगीत के क्षेत्र एवं कला मर्मज्ञ एल. सी. भारतीय को कला संरक्षण के क्षेत्र में 22 वां ठाकुर किशन सिंह संगीत अवार्ड प्रदान किया गया। यह सम्मान राजस्थान संगीत नाटक अकादमी के पूर्व अध्यक्ष अशोक पांड्या, पूर्व उपमहापौर मनीष पारीक एवं भाजपा सांस्कृतिक एवं पर्यटन प्रकोष्ठ की सह संयोजक शालिनी शर्मा ने प्रदान किया। संयोजक त्रिपुरारी सक्सेना और डॉ. उर्मिला उपाध्याय ने सभी का आभार जताया।

## पुष्पा 2 में 'श्रीवल्ली 2.0' दिखेगी



**बेधड़क. जयपुर।** रश्मिका मंदाना ने कहा कि पुष्पा 2 में लोग 'श्रीवल्ली' नहीं 'श्रीवल्ली 2.0' देखेंगे। ये वो श्रीवल्ली होगी, जो पहले से सॉर्टेड है। उसे पता है कि उसे क्या चाहिए। यानी उसके मन में किसी चीज की कन्फ्यूजन नहीं होगी। एक्ट्रेस ने एक इंटरव्यू के दौरान कहा कि जब उन्हें 'श्रीवल्ली' के बारे में पता चला, तो वो नहीं जानती थीं कि ये कैरेक्टर कैसा होगा। वो श्रीवल्ली की कौन सी दुनिया बनाने वाली हैं, इसका उन्हें अंदाजा नहीं था। सेट पर हर दिन उनके लिए प्लेग्राउंड जैसा था, क्योंकि वह सीख रही थीं कि 'श्रीवल्ली' बनने के लिए क्या करना होगा। 'पुष्पा: द रूल', 'पुष्पा: द राईज' के आगे की कहानी दिखाएगी। अल्लू अर्जुन लाल चंदन की तस्करी के बिजनेस में महारत हासिल कर हुए राज करते देखे जाएंगे, तो रश्मिका मंदाना का अंदाज भी बोल्ड होगा।

## City इवेंट्स

### अभिनेता राघव लॉरेंस बनेंगे 'हंटर'




**बेधड़क. जयपुर।** साउथ स्टार राघव लॉरेंस शिकार करने जा रहे हैं। बात रियल लाइफ की नहीं, रील लाइफ की हो रही है। अभिनेता की नई मूवी रविवार को अनाउंस की गई है। फिल्म का टाइटल है 'हंटर'। उन्होंने यह जानकारी शेयर करते हुए लिखा कि 'मैं अपनी अन्य आगामी फिल्म #हंटर की घोषणा करते हुए बहुत भाग्यशाली महसूस कर रहा हूं। मैं निर्माता जी टेलीफिल्म्स, मनीष शाह और सत्य ज्योति के साथ कॉलेब्रेशन करके बेहद खुश हूं। मैं निर्देशक वेंकट मोहन के साथ काम करके खुश हूं। वह बहुत प्रतिभाशाली है और मैं उनकी सफलता के लिए भगवान से प्रार्थना करता हूं। में डीएसपी के साथ दोबारा काम काम करने के लिए बहुत उत्साहित हूं।

### सेंसर बोर्ड ने बढ़ाई LSD की धड़कन




**बेधड़क. जयपुर।** लव, सेक्स और धोखा का 14 साल बाद भी क्रेज कायम है। पार्ट 2 ने आते ही हलचल मचा दी है। फिल्म का सब्जेक्ट काफी चैलेंजिंग और एक्सपोज करने वाला है। ऐसे में मेकर्स के पास सबसे बड़ी चुनौती इसे सेंसर बोर्ड से पास कराने की थी। डायरेक्टर दिबाकर बनर्जी ने बताया कि उन्होंने फिल्म के लिए पहले से ही A सर्टिफिकेट के लिए अप्लाई किया था। वो लोग जानते थे कि उन्हें फिल्म में काट छांट करनी पड़ सकती है। दिबाकर बोले- मेरी सेंसर बोर्ड के मेंबर्स से बहुत ज्यादा बातचीत नहीं हुई, लेकिन हाल ही में ट्रेलर देखने के बाद उन्होंने कुछ शब्दों और गालियों को हटाने की डिमांड की थी। उन्होंने कहा था कि मां और बहनों से रिलेटेड जितनी भी गालियां हैं, उन्हें म्यूट कर दिया जाए। साथ ही कहा कि अगर पिता को टार्गेट करने वाली चीजों को बदला जा सके। सेंसर बोर्ड ने कहा कि ऐसी चीजों को शामिल नहीं किया जाना चाहिए जो परिवार पर वार करे। दिबाकर फिल्म में शामिल न्यूडिटी पर बोले- इसके अलावा तो उन्होंने कुछ भी नहीं छुआ। फिल्म में न्यूडिटी पर वो ज्यादा कुछ नहीं कर सकते, क्योंकि सब्जेक्ट ही वही है और सिनेमैटोग्राफ एक्ट सामने की न्यूडिटी की मनाही करता है। वो जानते हैं कि ये एक एडल्ट फिल्म है, इसलिए इसे बिना ज्यादा छेड़छाड़ के पास कर दिया गया। बाकी जहां न्यूडिटी थी वहां हमने ब्लर कर दिया। मैं कहानी को कहानी की तरह दिखाने में विश्वास करता हूं, मेरा मकसद किसी को सिखाना नहीं है। मैं बहुत बुरा टीचर हूं।

### रेपर्टरी में तैयार नाटक का मंचन

## 'घूंघट उठाओ जानू' में तोत्या के हसीन सपनों ने हंसाया




बेधड़क | जयपुर

कलावत कलामंच संस्था द्वारा भारत सरकार की कला संस्कृति मंत्रालय की रेपर्टरी योजना में तैयार नाटक घूंघट उठाओ जानूं का मंचन किया गया। कन्हैया लाल कलावत के निर्देशन में हुए इस नाटक ने दर्शकों को खूब हंसाया। नाटक की कहानी गांव के एक युवा तोलाराम, जिसे प्यार से तोत्या कहते हैं के इर्द गिर्द घूमती है। वह एक किराने की दुकान चलाता है। पढ़ा लिखा भी कम है। तोत्या एक सपना देखता है कि उसकी शादी मुम्बई की एक लड़की चांदनी से हो जाती है। नाटक में तोत्या बहुत उत्तेजित होता है कि वह अपनी पत्नी का घूंघट शायरी और प्रशंसाएं करके उठाएगा।

वह ऐसा करता भी है, लेकिन बीच में उसे लघुशंका, बड़ीशंका उत्पन्न हो जाती है। इसके साथ ही बहनों द्वारा छेड़ना और यहां तक कि कई बार अंधेरों में गिर पड़ता है, लेकिन घूंघट नहीं उठा पाता। घूंघट नहीं उठा पाने के कारण चांदनी उसकी पढ़ाई पर प्रहार करती है । इस तरह बातों-बातों में दोनों में तकरार हो जाती है। अंत में तोत्या चांदनी को बाहों में लेने की कोशिश करता है और दादी बीच में आ जाती है और थप्पड़ मारती है। उसका सपना टूट जाता है। नाटक में अमित झा, लक्षिता सोनी, भारती प्रजापति, वैभिका यादव, जया गोस्वामी ने अभिनय किया। साउंड अतुल गुप्ता, प्रकाश व्यवस्था मोहन सैनी, रूपसज्जा केशव गुप्ता की रही।

### श्री राम मंदिर आदर्श नगर में श्री राम कथा

## राम ने शबरी से कहा कि मुझे सहज, सरल लोग अति प्रिय



बेधड़क | जयपुर

श्रीराम मंदिर, आदर्श नगर में भव्य श्री राम नवमी महोत्सव के उपलक्ष्य में आयोजित नौ दिवसीय कथा के सातवें दिन आचार्य संदीप कृष्ण शास्त्री श्री धाम वृंदावन ने व्यास पीठ से भगवान श्री राम की लीलाओं का गुणगान करते हुए शबरी पर कृपा और नवधा भक्ति के उपदेश के बारे में व्याख्यान दिया। उन्होंने कहा कि जब भगवान श्री राम माता सीता की तलाश में वन वन भटक रहे थे तो वन में भगवान श्री राम माता शबरी के आश्रम में पधारे। माता शबरी ने श्री राम जी को आते देखा तो मुनि मतंग के वचनों को याद कर उनका मन प्रसन्न हो उठा।

शबरी ने भगवान श्रीराम से कहा कि प्रभु मैं आपकी स्तुति किस प्रकार से करूं? मैं तो इस योग्य ही नहीं हूं कि आप की स्तुति कर सकूं। भगवान राम ने कहा कि मुझे सहज, सरल लोग अति प्रिय है। शबरी ने योगाग्नि से देह को त्यागा और दुर्लभ हरिपद में लीन हो गई। अध्यक्ष हरचरण ने कहा कि सोमवार को शाम 5 बजे से हनुमत चरित और सुंदर कांड पर प्रवचन ,मंगलवार को भरत मिलाप और श्री राम राज्याभिषेक की कथा होगी।

महामंत्री अनिल खुराना ने बताया कि बुधवार 17 अप्रैल को श्री राम नवमी महोत्सव मनाया जाएगा। सुबह 6:30 बजे नित्य मंगला आरती से शुरुआत होगी। दिन में 12:45 बजे से भंडारा आयोजित किया जाएगा।

**रामनवमी उत्सव** 17 को निकाली जाएगी शोभायात्रा, कार्यक्रम के पोस्टर का विमोचन

## हवा में उड़ते चलेंगे हनुमान जी, भोलेनाथ बजाएंगे डमरू

बेधड़क | जयपुर

'चार बैंड की धुन पर हवा में उड़ते हुए हनुमान जी चलेंगे तो मदारी बने भोलेनाथ डमरू बजाते हुए नजर आएंगे।' ऐसी ही कई झांकियां श्रीराम नवमी पर 17 अप्रैल को निकाली जाने वाली भगवान श्रीराम की शोभायात्रा की शोभा बढ़ाएंगी। कार्यक्रम के पोस्टर का विमोचन रविवार को श्री राम कृष्ण जयंती महोत्सव समिति के पदाधिकारियों ने चोड़ा रास्ता स्थित समिति के कार्यालय में शुक संप्रदाय पीठाधीश्वर अलबेली माधुरी शरण महाराज, गोविंद देव जी मंदिर के प्रबंधक मानस गोस्वामी काले हनुमान मंदिर के योगेश कुमार शर्मा, समिति के महामंत्री प्रवीण बड़े भैया, धर्म प्रचारक विजय शंकर पांडेय सहित संत-महंतों ने किया।



### महाराज करेंगे आरती

सूरजपोल अनाज मंडी से शाम 4 बजे प्रारंभ होने वाली शोभायात्रा की आरती खोजीजीद्वाराचार्य रामरिछपाल दास महाराज (त्रिवेणी धाम) करेंगे। शोभायात्रा में 35 झांकी, राम, लक्ष्मण, भरत, शत्रुघ्न, सीता की स्वरूप झांकी, हाथी, ऊंट, घोड़े का लवाजमा रहेगा। शोभायात्रा सूरजपोल अनाज मंडी से प्रारंभ होकर सूरजपोल बाजार, रामगंज चौपड़, रामगंज बाजार, बड़ी चौपड़, जौहरी बाजार, सांगानेरी गेट, बापू बाजार, चौड़ा रास्ता, त्रिपोलिया बाजार, छौटी चौपड़ के रास्ते होती हुई चांदपोल बाजार स्थित मंदिर श्री रामचन्द्र जी पर देर रात्रि लगभग 10:30 बजे तक पहुंचेगी।

### हरि गुणगान करते हुए चलेंगे सकीर्तन-मंडल

शोभा-यात्रा में श्रीरामचरित्र मानस के प्रसंगों पर आधारित विभिन्न झाकियों के दर्शन, गौरांग महाप्रभु सकीर्तन-मंडल हरि गुणगान करते हुए चलेंगे। राजस्थानी लोककला के रचे-बसे एवं स्थानीय पारंपरिक (ढूंढाड़ी) भाषा में लोकगीत के गायन की झलकियां तथा मनमोहक लोकनृत्य भी प्रस्तुत किए जाएंगे। शोभा यात्रा में जयपुर नगर के अलावा बाहर से भी झांकिया शामिल होगीं।

पोस्टल रजि. नं. : जयपुर सिटी/006/2023-25

# न्यूज़ बेधड़क

सच बेधड़क
जयपुर, सोमवार, 15 अप्रैल, 2024





बहादुर वह नहीं है, जो भयभीत नहीं होता, बल्कि वह है जो इस भय को परास्त करता है।
**विनायक शर्मा,** फाउंडर एंड एडिटर इन चीफ, सच बेधड़क मीडिया ग्रुप

## जरूरी खबर

### कनाडा में भारतीय छात्र की गोली मारकर हत्या



**ओटावा।** कनाडा के वैंकूवर के सनसेट इलाके में 24 साल के एक भारतीय छात्र की उसकी कार में गोली मारकर हत्या कर दी गई। पुलिस ने एक बयान में कहा कि 24 वर्षीय चिराग एंटिल को इलाके में एक वाहन के अंदर मृत पाया गया। पुलिस प्रवक्ता तानिया विसिंटिन ने बताया कि गोलियों की आवाज सुनने के बाद पड़ोस के लोगों ने आपातकालीन सेवा को बुलाया गया। वैंकूवर पुलिस ने कहा कि 24 वर्षीय चिराग एंटिल को इलाके में एक वाहन के अंदर मृत पाया गया। पुलिस ने कहा कि मामले में कोई गिरफ्तारी नहीं हुई है और जांच जारी है।

### ब्राजील के तट पर मिली 20 शवों से भरी नाव

**बोगोटा।** ब्राजील के उत्तरपूर्वी तट पर मछुआरों को एक नाव में 20 शव पाए गए। इनकी पहचान नहीं हो पाई है। मौत के पीछे कई आशंकाएं जताई जा रही है। ऐसी ही घटना 2021 में भी हुई थी। उस समय भी एक लावारिस नाव पर शव पाए गए थे। रिपोर्टों के अनुसार ब्राजील के अटॉर्नी जनरल के कार्यालय ने एक बयान में कहा कि उसने यह पता लगाने के लिए क्षेत्र में एक फोरेंसिक टीम भेजी है कि शव और नाव कहां से आए। अटॉर्नी जनरल के कार्यालय ने एक बयान में कहा कि वह घटना की आपराधिक और नागरिक जांच शुरू कर रहा है।

### थाईलैंड में मनाया गया सोंगक्रन वॉटर फेस्टिवल

**थाईलैंड।** थाईलैंड में सोंगक्रन वॉटर फेस्टिवल मनाया गया। इसे न्यू ईयर की शुरुआत के रूप में मनाया जाता है। यह फेस्टिवल 13 से 15 अप्रैल तक मनाया जाता है। यहां सोंगक्रन फेस्टिवल 150 साल से मनाया जा रहा है और थाई संस्कृति में पानी से लड़ाई का खास महत्व है। मान्यता है कि सोंगक्रन के दौरान पानी डालना शुभ होता है इसलिए लोग एक-दूसरे से पानी से लड़ाई करते हैं। लड़ाई में प्लास्टिक की बंदूकों का इस्तेमाल होता है। यह सफाई, श्रद्धा और सौभाग्य का प्रतीक है।

## हवाई क्षेत्र तक पहुंचने से पहले ही इजराइल ने मार गिराई मिसाइलें-ड्रोन

# ईरान ने इजराइल पर दागी 200 से अधिक मिसाइलें और ड्रोन

**एजेंसी** | जेरूसलम

ईरान ने इजराइल पर हमला कर दिया। इसके बाद मध्य पूर्व में एक और संघर्ष छिड़ गया है। ईरान की ओर से यह कदम सीरिया के दमिश्क में उसके दूतावास पर इजराइल के हवाई हमले के जवाब में की गई। ईरान ने इजराइल पर ड्रोन और मिसाइलों से हमला किया, जिससे गाजा में हमास और इजराइल के बीच चल रहे संघर्ष के साथ-साथ क्षेत्र में एक नया संकट पैदा हो गया।

ईरान ने इजराइल पर अपने हमले में 200 से अधिक ड्रोन और मिसाइलें दागीं, लेकिन उनमें से कई को इजराइली हवाई क्षेत्र तक पहुंचने से पहले ही रोक दिया गया। इन ड्रोन और मिसाइलों को मार गिराने में अमेरिकी और ब्रिटिश वायु सेना ने इजराइल की सहायता की। जबकि दक्षिणी इजराइल में एक सैन्य अड्डे को मामूली क्षति हुई है, लेकिन अब तक किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है।

### मिडिल ईस्ट के देशों ने बंद किया अपना हवाई क्षेत्र

हमले के बाद कई मिडिल ईस्ट के देशों ने अपना हवाई क्षेत्र बंद कर दिया है। इजराइल के पश्चिमी सहयोगियों और संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरस ने ईरान की ओर से किए गए हमले की निंदा की है। इजराइल के अनुरोध के जवाब में संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद बैठक हुई। अमेरिका ने इजराइल को समर्थन देने का वादा किया है और इजराइली अधिकारियों ने कहा है कि ईरान के हमले के खिलाफ जवाबी कार्रवाई जरूर की जाएगी।

### ईरान ने हमले को ठहराया उचित

ईरान ने दमिश्क में इजराइली कार्रवाई की सजा के रूप में अपने हमले को उचित ठहराया है। गौरतलब है कि बीते हफ्ते इजराइली हवाई हमले में ईरान के दो कमांडर सहित सात सैन्य अधिकारी मारे गए थे। संयुक्त राष्ट्र में ईरान के मिशन ने अमेरिका को इसमें शामिल होने से परहेज करने की चेतावनी दी है, साथ ही धमकी दी है कि अगर इजराइल ने आगे उकसाया तो करारा जवाब दिया जाएगा।



### ईरान ने अमेरिका को दी संघर्ष से दूर रहने की चेतावनी

संयुक्त राष्ट्र में ईरान के स्थाई मिशन ने कहा कि यूएन चार्टर के अनुच्छेद 51 के आधार पर दमिश्क में ईरानी दूतावास पर हुए हमले के जवाब में सैन्य कार्रवाई की गई थी। मामला अब खत्म समझा जा सकता है। उन्होंने कहा अगर इजराइल ने एक और गलती की तो इसका अंजाम बहुत बुरा होगा। यह संघर्ष ईरान और इजराइल के बीच है। अमेरिका को इससे दूर रहना चाहिए।

### खामेनेई के कमांडर ने अमेरिका को दी खुली धमकी

तेहरान: इजरायल पर ड्रोन और मिसाइलों से हमला करने के बाद अब ईरान ने इजरायल और अमेरिका को धमकी दी है। ईरान के टॉप कमांडर ने रविवार को कहा कि इजरायल ने हमले की प्रतिक्रिया में कुछ किया तो उसे इससे भी बड़े हमले का सामना करना होगा। इसके साथ ही अमेरिका को भी चेतावनी दी है कि अगर उसने इजरायल की मदद की तो उसके ठिकानों को भी निशाना बनाया जाएगा। ईरान के सेना प्रमुख मेजर जनरल मोहम्मद बागेरी ने कहा कि अगर इजराइल ने ईरान के खिलाफ जवाबी कार्रवाई की तो हमारी प्रतिक्रिया आज रात की सैन्य कार्रवाई से कहीं अधिक बड़ी होगी।

**भारत ने दोनों देशों से किया तनाव कम करने का अनुरोध:** भारत ने ईरान की ओर से इजराइल पर किए गए हमले को लेकर अपनी प्रतिक्रिया दी। भारत ने कहा कि दोनों देशों के बीच तनाव बढ़ने और पश्चिम एशिया में शांति और सुरक्षा से जुड़ी समस्या पैदा होने पर चिंता जाहिर की। भारत के विदेश मंत्रालय ने ईरान की ओर से किए गए हमले के कुछ ही देर बाद कहा कि हम दोनों देशों (ईरान और इजराइल) से अनुरोध करते हैं कि वह तनाव और ज्यादा नहीं बढ़ाएं। समस्या के समाधान के लिए कूटनीतिक माध्यम से बातचीत करें।

### हिजबुल्लाह के वेपन प्लांट को उड़ाया



## ईरान के हमले के बाद इजराइल का 'आपरेशन बदला' शुरू

**एजेंसी** | तेल अवीव

ईरान के हवाई हमले को विफल करने के बाद इजराइल ने अब बदले की कार्रवाई शुरू कर दी है। इस कड़ी में इजराइली सेना ने सबसे पहले लेबनान में हिजबुल्लाह के एक महत्वपूर्ण हथियार निर्माण स्थल को निशाना बनाया है। इजराइली हवाई हमले में हिजबुल्लाह का यह हथियार कारखाना पूरी तरह से नष्ट हो गया। इजराइली डिफेंस फोर्सेज (आईडीएफ) ने भी पूर्वोत्तर लेबनान के बाल्बेक के पास नबी चित क्षेत्र में हवाई हमले की पुष्टि की है।

### आईडीएफ ने हमले की पुष्टि की

आईडीएफ का कहना है कि यह हमला रात भर हुए ईरानी हमले के बीच उत्तरी इजराइल पर हिजबुल्लाह द्वारा दागे गए लगभग 40 रॉकेटों की प्रतिक्रिया के रूप में हुआ है। हिजबुल्लाह को ईरान का प्राक्सी माना जाता है। इस समूह का गठन ही इजराइल के खिलाफ हुआ है। इसे ईरान की शह पर बनाया गया था। हिजबुल्लाह एक शिया आतंकी समूह है, जिसका लक्ष्य इजराइल की बर्बादी है। इस समूह को पैसा, हथियार और ट्रेनिंग ईरान से मिलता है।

## लाहौर में बंदूकधारियों ने गोलियों से भूना

# पाक में मारा गया सरबजीत का हत्यारा अमीर सरफराज

**एजेंसी** | इस्लामाबाद

पाकिस्तान के लाहौर में रविवार को भारतीय नागरिक सरबजीत सिंह के हत्यारे अमीर सरफराज की गोलियों से भूनकर हत्या कर दी गई। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, दो अज्ञात बंदूकधारियों ने अमीर सरफराज पर ताबड़तोड़ फायरिंग की, जिसमें उसकी मौत हो गई।



खूंखार अपराधी सरफराज ने 2013 में लाहौर की कोट लखपत जेल में बंद सरबजीत सिंह पर हमला किया था। इसके बाद मई, 2013 में दिल का दौरा पड़ने से लाहौर के एक अस्पताल में सरबजीत सिंह की मृत्यु हो गई थी। बाद में सरबजीत सिंह पर हमला करने के आरोप में अमीर सरफराज और अन्य के खिलाफ मामला दर्ज किया गया था। हालांकि, सरफराज और एक अन्य आरोपी को 2018 में पाकिस्तानी अदालत ने सबूतों के अभाव में बरी कर दिया था।

### 23 साल तक लाहौर की कोट लखपत जेल में बंद रहा था सरबजीत

पाकिस्तान ने पंजाब के रहने वाले सरबजीत सिंह को 1990 में जासूसी के आरोप में गिरफ्तार किया था। हालांकि, उनके परिवार और भारत सरकार ने जासूसी के आरोपों का खंडन किया था। सरबजीत को 23 साल तक लाहौर की कोट लखपत जेल में रखा गया था। भारत में संसद पर आतंकी हमले के दोषी अफजल गुरु को फांसी की सजा दिए जाने के बाद अंडरवर्ल्ड डॉन अमीर सरफराज सहित अन्य कैदियों ने जेल में सरबजीत पर हमला कर दिया था। जेल में 49 वर्षीय सरबजीत के सिर पर ईंटों से हमला किया गया था, जिससे उनके सिर में गंभीर चोटें आई थीं और उन्हें लाहौर के जिन्ना अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जहां उन्होंने अंतिम सांस ली थी।




## भारत-पाक में सालों से चली आ रही परंपरा टूटी

# ईद पर इस बार नहीं हुआ मुंह मीठा

**एजेंसी** | इस्लामाबाद

भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव के बीच अब दोनों देशों के सैनिकों के बीच मिठाई भी बंद हो गई। इस बार ईद के मौके पर अंतरराष्ट्रीय सीमा पर तैनात दोनों देशों के सैनिकों ने एक दूसरे को प्रतीकात्मक सद्भावना की प्रतीक मिठाई का आदान-प्रदान नहीं किया।

भारत की तरफ से सीमा सुरक्षा बल और दूसरी तरफ से पाकिस्तान रेंजर्स के जवानों की अंतरराष्ट्रीय सीमा पर तैनाती की जाती है। पिछले कई वर्षों से परंपरा रही है कि दोनों बल धार्मिक त्योहारों और राष्ट्रीय उत्सवों के अवसर एक दूसरे को सद्भावना प्रकट करते हैं। साल 2019 में कश्मीर से अनुच्छेद 370 खत्म करने के बाद से पाकिस्तान चिढ़ा हुआ है।




### भारत-पाक में आई खटास

मोदी सरकार ने अगस्त 2019 कश्मीर को विशेष दर्जा देने वाले अनुच्छेद 370 को खत्म कर दिया था। इसके बाद से पाकिस्तान लगातार भारत के बारे में गलतबयानी करता रहा है, जिसकी वजह से दोनों देशों के बीच संबंध लगातार खराब हुए हैं। भारत पाकिस्तान के बीच द्विपक्षीय व्यापार पूरी तरह से बंद है। हालांकि, कंगाल पाकिस्तान एक बार फिर से भारत के साथ व्यापार शुरू करने को बेकरार है। पिछले महीने ही पाकिस्तान के विदेश मंत्री ख्वाजा आसिफ ने एक बयान में भारत के साथ व्यापार के लिए बातचीत के संकेत दिए थे, लेकिन भारत ने इस पर कोई प्रतिक्रिया नहीं दिखाई।

पाकिस्तान की हरकतों की वजह से दोनों देशों के संबंध लगातार खराब हुए हैं। इसका असर पिछले महीने फिर देखा गया जब हिंदू पर्व होली के अवसर पर पाकिस्तानी रेंजर्स और बीएसएफ के बीच मिठाई नहीं बांटी गई। ऐसी ही स्थिति इस सप्ताह ईद-उल-फितर के मौके पर भी हुई, जब सीमा पर तैनात दोनों देशों के बलों ने एक दूसरे के साथ मिठाई का आदान-प्रदान नहीं किया। एक अखबार ने पाक रेंजर्स के सूत्रों के हवाले से ये जानकारी दी है। हालांकि, इसके पहले बीते साल नवंबर में दिवाली के मौके पर दोनों पक्षों ने एक दूसरे को मिठाई दी थी।

सृष्टिविनायक एंटरटेनमेंट मीडिया प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक व प्रकाशक मिताली यादव द्वारा सच बेधड़क दैनिक हिन्दी अखबार, 34/16-ए, शिप्रा पथ, मानसरोवर, जयपुर-302020 (राजस्थान) से प्रकाशित एवं भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, शिवदासपुरा, रेलवे क्रॉसिंग टोंक रोड, जयपुर (राजस्थान) से मुद्रित।
**संपादक:** विनायक शर्मा*, **फोन नं. :** 9664014179 (ऑफिस), **ई-मेल:** news@sachbedhadak.com, **RNI No. :** RAJHIN/2021/82557 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार।

दैनिक हिन्दी अख़बार
सच बेधड़क

"सच बेधड़क" दैनिक हिन्दी अख़बार की प्रति PDF के माध्यम से मुफ़्त प्राप्त करने के लिए इस लिंक पर Click कीजिए

Telegram

https://rb.gy/3bkrnl